नई दिल्ली
बुधवार 13 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 24
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 43.0
न्यून. 22.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## केदारनाथ धाम पर जमकर बरस रहा धन

### 34% आय बढ़ी, 71.06 करोड़ पहुंची



**देहरादून।** भक्तों की आस्था से केदारनाथ मंदिर की आय एक साल में 18 करोड़ रुपए बढ़ गई है। केदारनाथ मंदिर की वित्त वर्ष 2024-25 में चढ़ावे, दान और विभिन्न सेवाओं से कुल 71.06 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34.32% ज्यादा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरसीबी केकेआर
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### वैभव सूर्यवंशी का रोटी बनाते वीडियो वायरल



**नई दिल्ली।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने वाले वैभव सूर्यवंशी इन दिनों अपने मजाकिया अंदाज के लिए सुर्खियों में हैं। आईपीएल के मौजूदा सीजन में राजस्थान रॉयल्स के इस युवा सितारे का एक नया रूप सामने आया है। मंगलवार को फ्रेंचाइजी ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें 15 वर्षीय वैभव मास्टर शेफ बनकर रोटियां बेलते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वैभव बड़े आत्मविश्वास के साथ गैस पर रोटी पकाते दिख रहे हैं। मस्ती भरे अंदाज में उन्होंने अपनी तुलना मम्मी से करते हुए कहा कि यह मम्मी की बनाई रोटी से भी ज्यादा गोल है। हालांकि, जहां कई फैंस उनके इस बेफिक्र अंदाज को पसंद कर रहे हैं, वहीं कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने खेल पर ध्यान देने की सलाह देते हुए नाराजगी भी जाहिर की है।

## बोले एनटीए डीजी, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे सीबीआई, होगी निष्पक्ष जांच

# रद्द हुई नीट यूजी की परीक्षा, जांच सीबीआई के हवाले, 10 दिन में जारी होगा नया शेड्यूल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

देशभर के मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पात्रता एवं सह प्रवेश परीक्षा-2026 (नीट) को राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को रद्द कर दिया है और इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। 3 मई को यह परीक्षा हुई थी। जिसके बाद पेपर लीक होने का मामला सामने आया और उस पर विवाद काफी बढ़ गया था। जिसे देखते हुए एजेंसी ने इस परीक्षा को फिलहाल रद्द करने का निर्णय लिया है। साथ ही आगामी 7 से 10 दिनों के अंदर एजेंसी द्वारा दोबारा से परीक्षा को आयोजित किए जाने को लेकर तारीखों (शेड्यूल) की घोषणा करने की बात कही गई है। यहां बता दें कि इस वर्ष नीट की प्रवेश परीक्षा देश के 551 शहरों के कुल करीब 5 हजार 432 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। जिसमें 22.5 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था। नीट की परीक्षा को ऑफलाइन मोड में यानी पेपर-पेन की मदद से किया जाता है। बताते चलें कि नीट यूजी की परीक्षा को लेकर 2024 में भी एक विवाद हुआ था।

### जड़ से खत्म होनी चाहिए समस्या

एनटीए डीजी सिंह ने कहा कि पेपर लीक का यह मामला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हम चाहते हैं कि इसे जल्द से जल्द पूरी तरह से खत्म किया जाना चाहिए। लेकिन दूसरी ओर मैं सभी छात्रों और अभिभावकों को यह आश्वासन देना चाहूंगा कि मामले में जो भी दोषी होगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हमने मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए ही इसे सीबीआई को सौंपा है।



### जांच में करेंगे पूर्ण सहयोग

एनटीए के बयान के मुताबिक, परीक्षा से जुड़े समूचे तंत्र में निष्पक्षता के साथ पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बरकरार रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। 8 मई को परीक्षा को लेकर सामने आए तमाम तथ्यों को जरूरी जांच पड़ताल के लिए एनटीए ने केंद्रीय एजेंसियों के पास भेजा था। जिसके बाद सामने आई जांच रिपोर्ट की समीक्षा की गई और फिर एजेंसी ने मामले की विस्तृत जांच करने के लिए इसे सीबीआई को सौंप दिया है। जिसमें केंद्र सरकार (शिक्षा मंत्रालय) की मंजूरी शामिल है। अब एनटीए द्वारा परीक्षा के फिर से आयोजन की तारीखों से लेकर नए एडमिट कार्ड जारी करने व अन्य जरूरी जानकारी के संबंध में जल्द ही छात्रों को सूचित किया जाएगा। इसे लेकर एजेंसी की तरफ से कोई नया पंजीकरण या किसी प्रकार का कोई अन्य शुल्क छात्रों से नहीं लिया जाएगा। जबकि पूर्व में छात्रों द्वारा भुगतान की गई राशि भी उन्हें वापस लौटाई जाएगी। परीक्षा का पुनः आयोजन एनटीए के आंतरिक संसाधनों की मदद से किया जाएगा। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच में हम सीबीआई को हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार हैं। दोषी चाहे एजेंसी के भीतर का हो या बाहर का। इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### पीडीएफ के चंद सवाल पेपर जैसे?

वहीं, इस पूरे मामले पर देश में बढ़ते बवाल के बीच आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक (डीजी) अभिषेक सिंह ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता है कि यह पूरा प्रकरण नीट पेपर लीक से जुड़ा हुआ है। क्योंकि इस पेपर के चार वर्जन होते हैं। जिनमें से एक भी लीक नहीं हुआ है। हां, इतना जरूर है कि बाजार में इसे लेकर जो पीडीएफ मौजूद है, उससे परीक्षा के कुछ सवाल मिलते हैं। इसलिए मैं इसे पेपर लीक नहीं मानता हूं। लेकिन मैं यह भी स्पष्ट कर दूं कि अगर एक भी प्रश्न हमारे प्रश्न पत्र से मेल खाता है। तो वह हमारी इस संबंध में प्रतिबद्धता के साथ बनाई गई शून्य सहिष्णुता का उल्लंघन माना जाएगा। एनटीए इसकी पूरी जिम्मेदारी लेकर उचित कार्रवाई करेगी।

### लीक की सूचना मिली, कार्रवाई शुरू

उन्होंने कहा कि हमें पेपर लीक की सूचना 7 मई को मिली थी। मामला अभी फिलहाल सीबीआई के पास है। अब उसे इस बाबत संपूर्ण तथ्यों का बारीकी से पता लगाना है कि कब-कब क्या-क्या हुआ और कैसे-कैसे हुआ है। परीक्षा के फिर से आयोजन को लेकर हमारी कोशिश यही रहेगी कि मौजूदा अकादमिक सत्र के दौरान जल्द से जल्द इसका आयोजन किया जाए। जिसे लेकर हम करीब 10 दिन के अंदर नया शेड्यूल जारी कर देंगे।



नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाती पुलिस

### बोले राहुल गांधी... इसे अमृतकाल कहें या विषकाल?



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा - करीब 23 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट व्यवस्था ने कुचल दिया। उन्होंने दावा किया कि यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। इसे अमृतकाल कहें या विषकाल।

### केरलम, राजस्थान व महाराष्ट्र तक जुड़ रहे पेपर लीक के तार

एनटीए ने पुष्टि की कि उसे परीक्षा के 4 दिन बाद, यानी 7 मई को कथित गड़बड़ियों से जुड़े इनपुट मिले थे। एजेंसी ने बताया कि यह मामला राजस्थान और उत्तराखंड से सामने आया। राजस्थान पुलिस स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कहा कि उसने नीट पेपर लीक मामले की जांच शुरू कर दी है। 12 मई तक सीकर और आसपास के ⏩ शेष पेज 7 पर

### 9 साल में 25 परीक्षाएं रद्द

जुलाई 2024 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के अनुसार 2018 से 2024 तक एजेंसी ने कम से कम 16 एग्जाम रद्द किए। कई एग्जाम कोरोना महामारी के कारण रद्द हुए तो कुछ प्रशासनिक या तकनीकी कारणों से स्थगित करने पड़े। इस ⏩ शेष पेज 7 पर

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
• Only 29 Years as an Institute • 24 Years as a Deemed to be University
THE World University Rankings 2026 Asia — 1st in Eastern India — 169th in Asia
THE World University Rankings 2026 — 5th Among All Universities in India — 501+ Cohort Globally
KIIT Accomplishes QS 5 Stars & QS I-GAUGE Platinum
Only University in Eastern India with QS 5-Star & Platinum Ratings
QS World University Rankings 2026 — 1st in Odisha & 8th in India among pvt. universities



• Best Campus — Outstanding infrastructure & world-class facilities
• Best Placement — Excellent Opportunities & Career Outcomes
• Best Environment & Ambience — Supportive learning environment with a vibrant campus atmosphere
• Student Friendly Campus — Student-centric approach with comprehensive support services
• Parent-Friendly Institution — Transparent communication & parent engagement

ADMISSION OPEN
KIITEE 2026 PHASE - 2
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)
Scan to Apply
Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024
admission@kiit.ac.in kiitee.ac.in 8080 735 735

Key Rankings & Achievements
A++ Grade Accredited by NAAC
nirf 2025 17th Among Indian Universities
NBA Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme The Institute of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN Volunteers

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

## एलजी ने पहले एएनटीएफ थाने को मंजूरी दी

# 72 करोड़ के मादक पदार्थ किए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी में जब्त किए गए लगभग 1,700 किलोग्राम मादक पदार्थों के निपटान की निगरानी करते हुए मंगलवार को कहा कि इन पदार्थों का निस्तारण अपराध पर कानून की और नशे पर उम्मीद की जीत का प्रतीक है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन मादक पदार्थों की कीमत करीब 72 करोड़ रुपये के आसपास आंकी गई थी।

इस अवसर पर उपराज्यपाल ने दिल्ली को 2027 तक नशामुक्त बनाने के व्यापक अभियान के तहत शहर के पहले समर्पित 'मादक पदार्थ-रोधी कार्य बल' (एएनटीएफ) पुलिस थाने की स्थापना को मंजूरी देने की घोषणा भी की। उपराज्यपाल ने कहा, यह आयोजन केवल जब्त किए गए मादक पदार्थों को नष्ट करने को लेकर ही नहीं है। यह तस्करों के उस तंत्र को खत्म करने के बारे में भी है, जो युवाओं के लिए खतरा पैदा करता है। परिवारों को कमजोर करता है और समाज के भविष्य को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने इसे कानून और उम्मीद की जीत का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 'नशामुक्त भारत' का दृष्टिकोण केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय अभियान और सामाजिक जिम्मेदारी है। उपराज्यपाल ने बताया कि दिल्ली पुलिस प्रवर्तन कार्रवाई, वित्तीय जांच और संपत्ति कुर्क करने के माध्यम से मादक पदार्थ तस्करों की आर्थिक रूप से कमर तोड़ने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके साथ ही 'नशा नॉट कूल' जैसे निवारक अभियानों को भी मजबूत किया जा रहा है।

# दो युवकों पर चाकू से हमला करने के आरोप में दो नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में दो युवकों को चाकू से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी करने के आरोप में मंगलवार को दो नाबालिगों को पकड़ा गया। दरअसल गोकुलपुरी थाने को सोमवार शाम को सूचना मिली कि अमूल डेयरी के नजदीक कूड़ा खत्ता के पास दो युवकों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया गया है। घायलों की पहचान संजय कॉलोनी निवासी राहुल (18) और विजय (23) के रूप में हुई है, जिन्हें जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हत्या की कोशिश के इस मामले में 17 वर्षीय दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पुराने विवाद के चलते उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। उनकी निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल दो चाकू बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता / सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **02.06.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता / सम्पत्ति–II के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / रेल भवन, नई दिल्ली के कार्यक्षेत्र में रेल भवन की चौथी एवं पाँचवीं मंज़िल पर स्थित कमरों एवं हॉलों में लकड़ी की फ़्लोरिंग, फॉल्स सीलिंग, टाइल्स, दरवाज़े, पेंटिंग आदि कार्यों की व्यवस्था करना तथा नई दिल्ली स्थित रेल भवन की इमारत के सर्टिफ़िकेशन (इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल गोल्ड रेटिंग) का नवीनीकरण करवाने के कार्य हेतु। | रुपये 36654172.56 | रुपये 733100.00 | 06 महीने |

1. निविदा दिनांक **02.06.2026** को **15:00** बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। **पत्र संख्या :– 128–डब्लयू / 269 / ओ.ई.टी / निविदा सूचना / 26–27 / डब्लयू–ई / टेंडर. न: 03 दिनांक: 11.05.2026** 1578/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनय पुत्र** बलवान, **निवासी** मकान नं0 5–सी / 4, विष्णु गार्डन, दिल्ली, ने **FIR No. 8148/25, U/S 305B/ 317 (2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन केशव पुरम, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 8148/25, U/S 305B/ 317 (2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन केशव पुरम, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विनय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.09.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री संयम जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04,
(उत्तर–पश्चिम), कोर्ट नं0–112, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6125/NW/2026
(Court Matter)


# कुत्ते की मौत और सुरक्षा गार्ड की पिटाई के संबंध में दो एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



कीर्ति नगर में एक कुत्ते की मौत और सुरक्षा गार्ड की पिटाई के मामले में पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। पहली एफआईआर कुत्ते को लोहे की रॉड से पीट-पीट कर मार डालने के आरोप में सुरक्षा गार्ड के खिलाफ दर्ज की गई है जबकि दूसरी गार्ड को पीटने के आरोप में महिला पशु अधिकार कार्यकर्ता पर दर्ज हुई।

पुलिस के अनुसार रमेश नगर निवासी तरुण घई ने आठ मई को कीर्ति नगर थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि विनोद पासवान नामक सुरक्षा गार्ड ने सात मई की शाम कीर्ति नगर के जे. ब्लॉक में एक आवारा कुत्ते पर लोहे की रॉड से हमला किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि कुत्ता बुरी तरह घायल हो गया था और उसे इलाज के लिए एक निजी पशु चिकित्सक के पास तथा बाद में नजफगढ़ ले जाया गया। लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पासवान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 325 (किसी जानवर को मारने या उसे गंभीर रूप से घायल करने से संबंधित) और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को यह भी पता चला कि महिला पशु अधिकार कार्यकर्ता ने कीर्ति नगर थाना परिसर के बाहर एक पुलिस अधिकारी के सामने गार्ड की पिटाई की। इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है जिसमें महिला को कीर्ति नगर थाने के बाहर सुरक्षा गार्ड को थप्पड़ मारते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला लगातार गार्ड को थप्पड़ मार रही है और यहां तक कि चप्पलों से भी उसे बार-बार पीट रही है। पीछे एक पुलिस अधिकारी भी खड़ा दिखाई दे रहा है। पुलिस ने बताया कि पासवान ने बाद में मारपीट के संबंध में महिला और अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 11 मई को आचार्य भिक्षु अस्पताल में पासवान का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने महिला और अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(1) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 126 (गलत तरीके से रोकना) के तहत एफआईआर दर्ज की है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि गार्ड ने हमले के संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस अब दोनों घटनाओं की जांच की बात कह रही है।

## आबकारी विभाग के कर्मचारी के अपहरण और मारपीट के मामले में आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की आईएससी टीम ने आबकारी विभाग के कर्मचारी के अपहरण और मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम साहब सिंह (34) बताया गया है। इस संबंध में शालीमार बाग थाने में 23 फरवरी को केस दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार 22/23 फरवरी की दरमियानी रात आरोपी साहब सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की और उसे जबरन अगवा कर लिया, जबकि वह अपनी सरकारी ड्यूटी निभा रहा था। पीड़ित को कथित तौर पर एक आई-10 कार में हरियाणा के बहालगढ़ ले जाया गया, जहां उसके साथ और अधिक मारपीट की गई। जांच के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, आरोपी साहब सिंह (34) निवासी जिला सोनीपत, हरियाणा लगातार छापेमारी और अथक प्रयासों के बावजूद फरार रहा। 11 मई को कांस्टेबल नवीन कुमार को आरोपी साहब सिंह के धौला कुआं से खाटू श्याम की ओर जाने के संबंध में एक विशिष्ट और विश्वसनीय सूचना मिली। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। धौला कुआं बस स्टैंड के पास एक जाल बिछाया गया। सुबह करीब 10:30 बजे टीम की ने आरोपी की पहचान की और उसे पकड़ लिया गया। आरोपी साहब सिंह एक आदतन अपराधी है और दिल्ली तथा हरियाणा में दर्ज पांच आपराधिक मामलों में उसकी पहले भी संलिप्तता रही है। उसके आपराधिक इतिहास में मानव तस्करी, बलात्कार, अपहरण, मारपीट, आबकारी नियमों का उल्लंघन और अन्य आपराधिक गतिविधियों से संबंधित अपराध शामिल हैं।

## एलजी के निर्देश पर डीडीए ने किया ओबीपीस के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम प्रारम्भ

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू की दिशा निर्देश पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने ऑनलाइन बिल्डिंग परमिट सिस्टम (ओबीपीस) के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम शुरू किया है। इससे अब उपभोक्ता द्वारा अपने आवास संबंधी वास्तुकारों एवं डेवलपर्स को भवन अनुमति एवं अन्य संबंधित प्रक्रियाएं आसानी से पूरी की जा सकेगी। इसके लिए अलग अलग कार्यालय में चक्कर काटने से राहत मिलेगी। इस बारे में डीडीए ने बताया कि एलजी तरनजीत संधू द्वारा दिए निर्देश के बाद प्राधिकरण ने सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम शुरू किया है। ईज ऑफ लिविंग एवं ईज़ ऑफ़ डूइंग बिजनेस के लक्ष्यों की प्राप्ति में इसकी प्रभावशीलता की समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। बिल्डिंग प्लान, दस्तावेजों तथा विभिन्न एनओसी के ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण को एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से सुगम बनाने हेतु एकीकृत डिजिटल इंटरफेस विकसित किया गया है। डीडीए का कहना है कि अनुमोदन प्रक्रिया में दक्षता, जवाबदेही एवं सटीकता बढ़ाने के लिए एआई-आधारित परीक्षण, स्वचालित अनुपालन जांच तथा जियो-टैग्ड निरीक्षण की व्यवस्था की गई है। सार्वजनिक सेवा उपलब्धता को सरल बनाने एवं प्रक्रियागत विलंब को कम करने हेतु रियल-टाइम आवेदन ट्रैकिंग, ऑनलाइन शुल्क भुगतान तथा डिजिटल हस्ताक्षरित अनुमोदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यह प्रणाली दिल्ली में भवन स्वीकृतियों को अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित बनाएगी तथा पूर्ववर्ती प्रक्रियाओं में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करेगी। जो प्राय अनावश्यक लालफीताशाही, जन-असुविधा तथा भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों का कारण बनती थीं।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विश्व जीत, पुत्रः** अदीर हलधर, **निवासीः** यमुना बैंक खादर झुग्गी, मंडावली फज़लपुर, पूर्वी दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 392/2020, U/s 454/380/411/34 IPC, थानाः मण्डावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विश्व जीत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विश्व जीत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 392/2020, U/s 454/380/411/34 IPC, थानाः मण्डावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विश्व जीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री सचिन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–03 (पूर्व)
कमरा नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6215/ED/2026
(Court Matter)


## केन्द्रीय गृह मंत्री की निष्क्रियता के चलते संगीन अपराधों में दिल्ली सबसे ऊपरः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि केन्द्रीय गृह मंत्री की निष्क्रियता और प्रभावहीन कार्यशैली के कारण संगीन अपराधों में देश के 19 महानगरों में राजधानी दिल्ली सबसे उपर है। आए दिन राजधानी में हत्या, रेप, दहेज हत्या, महिलाओं के खिलाफ अपराध, लूट, आर्थिक अपराध, साईबर क्राईम, नशे का कारोबार जैसे अनेक अपराध वर्ष दर वर्ष बढ़ रहे हैं जो बड़ी चिंता का विषय है। यादव ने कहा कि नेशनल क्राईम रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा दिल्ली में अपराधों पर 2024 की जारी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट वैसे तो एक वर्ष पहले है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते अपराधों पर केन्द्रीय गृह मंत्री की निष्क्रियता और प्रभावहीन कार्यशैली के कारण संगीन अपराधों में देश के 19 महानगरों में राजधानी दिल्ली सबसे उपर है। जबकि वर्ष 2024 में यहां 2.70 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए। वहीं दिल्ली में अपराधिक आरोप पत्र दर्ज दाखिल करने की दर सबसे कम है। यादव ने कहा कि रिपोर्ट में राजधानी के महिलाओं के प्रति अपराधिक आंकड़े दिल दहलाने वाले है जिनमें दहेज के लिए 109 मौते, बलात्कार के 1058 मामले, घरेलू क्रूरता के 4646 मामले अपहरण के 3974 मामले और यौन उत्पीड़न के 316 मामले दर्ज हुए। उन्होंने कहा कि प्रति 1 लाख की जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की संख्या 176.8 रही। उन्होंने कहा कि दहेज के 2023 में 114 और 2022 में 129 महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया गया। यादव ने कहा कि रिपोर्ट में दिल्ली पुलिस की गिरती साख का भी खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रति लाख जनसंख्या पर संगीन अपराधों की दर 1688 है, जो देश के सभी महानगरों में सबसे अधिक है।

# 17.75 लाख की लूट का मामला सुलझा, पिता पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट की बवाना पुलिस ने एक सनसनीखेज लूट के मामले को दर्ज होने के कुछ ही घंटों के भीतर सुलझा लिया है। लूटी गई 17.75 लाख की नकदी भी सफलतापूर्वक बरामद कर ली गई। दो आरोपियों नरेश और भरत को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पिता पुत्र है। वारदात में इस्तेमाल बाइक भी जब्त की गई हैं।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार 11 मई को डीएसआईआईडीसी बवाना, सेक्टर-2 गोल चक्कर के पास लूट के संबंध में बवाना थाने में एक पीसीआर कॉल मिली। शिकायतकर्ता नरेश ने बताया कि जब वह अपने मालिक की नकदी ले जा रही एक काले रंग की इनोवा कार चला रहा था। उसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर पत्थर मारकर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और लगभग 18 लाख लूट लिए। इसके बाद लुटेरे मौके से फरार हो गए। अपराध की गंभीरता को देखते हुए बवाना थाने के कार्यवाहक एसएचओ गौरव सिंह, आईपीएस के नेतृत्व में एसआई विष्णु, हेड कांस्टेबल जितेंद्र, कज और कांस्टेबल मनोज की एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान टीम ने कैमरा फुटेज, तकनीकी निगरानी और शिकायतकर्ता की गतिविधियों का बारीकी से विश्लेषण किया। हालांकि अपराध स्थल पर सीधे सीसीटीवी कवरेज की कमी थी, लेकिन आसपास के फुटेज से महत्वपूर्ण संदेह पैदा हुए। कथित लूट से पहले शिकायतकर्ता की गाड़ी असामान्य रूप से धीमी होती दिखी और उसके पीछे या उसे रोकने वाली कोई मोटरसाइकिल दिखाई नहीं दी।

इन विसंगतियों और नरेश के बयानों में विरोधाभासों के कारण वह जांच के दायरे में आ गया। उसके मोबाइल फोन की तकनीकी जांच से पता चला कि घटना से कुछ ही पल पहले वह अपने बेटे भरत के संपर्क में था। लगातार पूछताछ करने पर नरेश ने अपने बेटे की मदद से पूरी लूट की साजिश रचने की बात कबूल कर ली। उसने माना कि अपने मालिक के प्रति मन में नाराजगी होने के कारण, उसने कैश चुराने की योजना बनाई थी। पैसे इकट्ठा करने के बाद उसने भरत को 'छोटा गोल चक्कर' इलाके में बुलाया और उसे कैश सौंप दिया। फिर खुद ही कार का शीशा तोड़कर लूट का झूठा नाटक रचा, ताकि वह पुलिस में झूठी शिकायत दर्ज करा सके। इस खुलासे पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के जरिए भरत की हरकतों पर नजर रखी और आखिर में उसे सदर बाजार के पास से पकड़ा लिया। दोनों पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी बुद्ध विहार फेज 2 के रहने वाले हैं।

## अलग-अलग राज्यों में मंदिरों से चांदी की मूर्तियां चुराने का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज 2 टीम ने पंजाब, केरल और कर्नाटक में विभिन्न मंदिरों से चांदी की मूर्तियां एवं दान की वस्तुएं चुराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मोहित शर्मा उर्फ मामा बताया गया है, जिसे पंजाब की एक अदालत ने मंदिर में चोरी के एक मामले में भगौड़ा भी घोषित किया था। शर्मा पंजाब के अलावा केरल और कर्नाटक में दर्ज कई मामलों में भी वांछित था। पुलिस के अनुसार मोहित शर्मा अक्सर अपना ठिकाना बदलकर अलग-अलग राज्यों में चला जाता था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए स्थानीय लोगों से बहुत कम संपर्क करता था। शर्मा ने कम सुरक्षा वाले मंदिरों, विशेष रूप से सूनसान क्षेत्रों में स्थित मंदिरों की रेकी करने और देर रात या तड़के चोरी करने का तरीका विकसित कर लिया था। आरोपी ने मंदिर परिसर में रखी चांदी की मूर्तियों, दान पेटियों, देवी-देवताओं के आभूषणों और अन्य कीमती वस्तुओं को मुख्य रूप से निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में शर्मा की गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार किया। आरोपी पटियाला हाउस अदालत के पास अपने एक साथी से मिलने पहुंचा था। पुलिस टीम को देखते ही शर्मा ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा किया और थोड़ी दूरी पर उसे काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसने नौवीं कक्षा तक पढ़ाई की है और पहले अपने गांव में एक डेरी में काम करता था, जहां वह कुलवंत सिंह नामक एक व्यक्ति के संपर्क में आया, जिसने उसे मंदिर में चोरी करने का कथित तौर पर प्रशिक्षण दिया था। शर्मा 2024 में पंजाब के एक मंदिर में चोरी को लेकर खन्ना थाने में दर्ज एक मामले में वांछित था। वह केरल के कोझिकोड और एर्नाकुलम में दर्ज मामलों के अलावा कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में भी दर्ज एक मामले में कथित तौर पर शामिल है। पुलिस रिकॉर्ड से यह भी पता चला कि शर्मा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में दर्ज चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर अधिनियम सहित कई पुराने आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।


**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**
(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**शैक्षणिक वर्ष 2026-27 हेतु प्रवेश सूचना**

**(विज्ञा. सं. पीआर-03 ऑफ 2026)**

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विश्वविद्यालय अध्यापन विभागों/ संस्थानों/ केन्द्रों, म.द. विश्वविद्यालय, रोहतक और एमडीयू-सीपीएएस, गुरुग्राम द्वारा संचालित किए जा रहे भारतीय और विदेशी नागरिकों के लिए 4-वर्षीय अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स (एनईपी-2020 के अनुरूप), 5-वर्षीय एकीकृत प्रोग्राम्स, 5-वर्षीय एलएल.बी. प्रोग्राम और 4-वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 11.05.2026

भारतीय नागरिकों के लिए आवेदन प्रपत्र जमा हेतु अन्तिम तिथि : 26.05.2026

विदेशी नागरिकों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा हेतु अन्तिम तिथि : 20.06.2026

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध 2026-27 की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

परिवर्तन/अद्यतन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

संवाद-1235/11/172/2027/45084/सी/88/7 दि. 12.05.26 **रजिस्ट्रार**



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता / पानीपत के अंतर्गत SSE/P.WAY/SNP, SSE/ P.WAY/PNP, SSE/P.WAY/SFDE के खंड में ट्रॉली प्रवासियों और सैंड हम्प्स का मानकीकरण। 2. सहायक मंडल अभियंता / करनाल के अंतर्गत SSE/P.WAY/KUN, SSE/P.WAY/KKDE, SSE/P.WAY/KLE के खंड में ट्रॉली प्रवासियों और सैंड हम्प्स का मानकीकरण। 3. सहायक मंडल अभियंता / पानीपत के अंतर्गत SSE/W/PNP और SSE/W/SNP के अधिकार क्षेत्र में जल निकासी, जल मार्गों की सफाई, LHS की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव। 4. सहायक मंडल अभियंता / करनाल के अंतर्गत SSE/W/KUN और SSE/W/KKDE के अधिकार क्षेत्र में जल निकासी, जल मार्गों की सफाई, LHS की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव। |
| 2. | अनुमानित लागत | 1. रु. 97,19,377.12 /– 2. रु. 99,91,388.48 /– 3. रु. 99,98,685.57 /– 4. रु. 99,99,852.76 /– |
| 3. | धरोहर राशि | 1. रु. 1,94,400 /– 2. रु. 1,99,800 /– 3. रु. 2,00,000 /– 4. रु. 2,00,000 /– बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रुप में होनी चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015 / सीई–1 / सीटी / 5 / 1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4. | समापन अवधि | क्रम संख्या 1 व 2: 09 महीने क्रम संख्या 3 व 4: 12 महीने |
| 5. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 05.06.2026 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.06.2026 को 15:00 बजे। |
| 6. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 7. | समान प्रकार के कार्य | क्रम संख्या– 1 व 2 किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। क्रम संख्या– 3 व 4 ट्रैक काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

**नोटः**– शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

**पत्र संख्याः 128–डब्लू / 280 / निविदा सूचना / 26–27 / डब्लू–I (NIT-05-08)**
**दिनांकः 11.05.2026** 1577/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### हरिभूमि की खबर का राजस्व विभाग प्रशासन ने लिया संज्ञान

# कार्यालय में जल्द दुरुस्त किए जाएंगे 'फायर सेफ्टी' उपकरण







हरिभूमि
New Delhi Main Edition - 12 May 2026 - Page 2
डीएम कार्यालय परिसर में लगे अग्निशमन सिलेंडर तीन माह से एक्सपायर
'अलीपुर राजस्व विभाग में 'फायर सेफ्टी' भगवान भरोसे!'
नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं
जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं

खबर का असर

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा के अलीपुर स्थित राजस्व विभाग कार्यालय में एक्सपायर फायर सिलेंडरों और फायर सेफ्टी व्यवस्था में लापरवाही को लेकर 'हरिभूमि' में प्रकाशित खबर का असर दिखाई देने लगा है। खबर प्रकाशित होने के बाद डीएम प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया है और कार्यालय परिसर में लगे अग्निशमन उपकरणों को जल्द दुरुस्त कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि 'हरिभूमि' ने मंगलवार को दिल्ली के अंक में 'अलीपुर राजस्व विभाग में 'फायर सेफ्टी' भगवान भरोसे!' शीर्षक के साथ प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर बताया था कि अलीपुर राजस्व विभाग कार्यालय परिसर में लगे कई फायर सिलेंडर पिछले तीन माह से एक्सपायर पड़े हैं। वहीं कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिक विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं, बावजूद इसके सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी।

### प्रशासनिक अधिकारियों में देखी गई हलचल

बता दें कि खबर सामने आने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल देखी गई। सूत्रों के अनुसार संबंधित विभाग को फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच कर आवश्यक बदलाव और रिफिलिंग के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही कार्यालय परिसर में सभी अग्निशमन सिलेंडरों को बदलने और सुरक्षा व्यवस्था को अपडेट करने का कार्य किया जाएगा। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में कार्यालय परिसर की फायर सेफ्टी ऑडिट भी कराई जा सकती है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा सामने न आए।

नई दिल्ली
बुधवार 13 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 24
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 43.0
न्यून. 22.0
haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## हरिभूमि के सवाल के जवाब में बोले जायसवाल, भारत की मेजबानी में हो रहा आयोजन, भागीदारी को लेकर जल्द साफ होगी तस्वीर

# भारत की मेजबानी में कल से होगी ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक, मौजूद रहेंगे अराघची!

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच भारत की राष्ट्रीय राजधानी ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक का आयोजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस सप्ताह 14 से 15 मई तक यह बैठक भारत मंडपम में होगी। जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। लेकिन क्या इस बैठक में ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री शामिल होंगे? हरिभूमि के इस प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि यह बैठक दो दिवसीय होगी। जिसकी अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री कर रहे हैं। ईरान और यूएई की तरफ से कौन आएगा? इसे लेकर निर्णय संबंधित देशों को करना है। लेकिन जैसे-जैसे लोग स्वदेश पहुंचेंगे तो उसके साथ ही इस बाबत तस्वीर पूरी तरह से साफ हो जाएगी। मसलन कौन किस देश का नेतृत्व कर रहे हैं या कौन लोग आयोजन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, बैठक के दौरान समूह देशों के विदेश मंत्री साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

**डॉ.जयशंकर करेंगे सम्मेलन की अध्यक्षता, ईरानी विदेश मंत्री संग होगी द्विपक्षीय बैठक**

**जारी होगा संयुक्त घोषणापत्र ? :** यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि ईरान-अमेरिका युद्ध की वजह से अभी तक ब्रिक्स देशों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### ईरान के विदेश मंत्री शामिल होंगे

सूत्रों ने बताया कि ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ब्रिक्स समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे। इस दौरान उनकी मुख्य आयोजन से इतर भारतीय विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ एक द्विपक्षीय बैठक संभव है। अगर दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की यह मुलाकात होती है, तो इसे ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच होने वाली पहली प्रत्यक्ष यानी आमने-सामने की मुलाकात माना जाएगा। पूर्व में जयशंकर और अराघची के बीच टेलीफोन के माध्यम से कई बार बातचीत हो चुकी है। जिसमें भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित अंतरराष्ट्रीय नौवहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने, खाड़ी क्षेत्र में फंसे हुए भारतीय जहाजों की सुरक्षित वापसी को बनाए रखने के अलावा इस विवाद का शांतिपूर्ण ढंग से बातचीत और कूटनीति के जरिए समाधान निकालने पर जोर दिया है।

### कुछ यूं रहेगी चीन, यूएई की भागीदारी

*सूत्रों ने बताया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी ब्रिक्स की बैठक में भाग नहीं लेंगे। उनके देश की तरफ से इसमें कोई सरकारी प्रतिनिधि शामिल हो सकता है। चीनी विदेश मंत्री के बैठक में शामिल न होने के पीछे की एक वजह यह भी बताई जा रही है कि भारत में इस आयोजन के दौरान ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की यात्रा करेंगे। इसलिए चीन के विदेश मंत्री नई दिल्ली नहीं आएंगे। वहीं, अभी तक की जानकारी के मुताबिक, ब्रिक्स की बैठक में यूएई के उप-विदेश मंत्री शामिल हो सकते हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक में रूस का नेतृत्व करेंगे और बुधवार को उनकी डॉ. जयशंकर के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी होगी।*

### 2006 में हुआ ब्रिक्स का गठन

*गौरतलब है कि ब्रिक्स का गठन वर्ष 2006 में हुआ था। उस वक्त रूस, चीन, भारत और ब्राजील ने मिलकर इसकी स्थापना की थी। 2010 में दक्षिण अफ्रीका समूह में सदस्य देश के रूप में शामिल हुआ। जबकि 2024 में इसके विस्तारित संस्करण के रूप में ईरान, यूएई, सऊदी अरब, मिस्र और इथोपिया जैसे देश समूह में शामिल हुए हैं। समूह के रूप में ब्रिक्स के तहत दुनिया की अर्थव्यवस्था का एक चौथाई हिस्सा आता है। जबकि दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व भी यह समूह ही करता है।*

### पीएम से मिलेंगे ब्रिक्स के विदेश मंत्री

*विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, भारत की मेजबानी में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक होगी। बैठक में समूह देशों के विदेश मंत्री, सदस्य और भागीदार देशों के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख भी इसमें शिरकत करेंगे। बैठक से इतर ब्रिक्स के सभी विदेश मंत्रियों या अन्य भागीदारों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक शिष्टाचार मुलाकात होगी। 14 मई को बैठक के शुरुआती दिन समूह देशों के विदेश मंत्री आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। जबकि 15 मई को आयोजन के दूसरे दिन ब्रिक्स के सदस्य और भागीदार देश 'ब्रिक्स‹\@›20: बिल्डिंग फार रेसिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' नामक थीम वाले एक सत्र में भाग लेंगे। जिसके बाद 'रिफॉर्म्स ऑफ ग्लोबल गवर्नेंस एंड मल्टीलेटरल सिस्टम' विषय के साथ भी एक सत्र होगा। समूह के विदेश मंत्रियों की पिछली बैठक 26 सितंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए-80) के 80 वें सत्र के दौरान अमेरिका में हुई थी। जिसकी अध्यक्षता भारत ने ब्रिक्स के आगामी अध्यक्ष के रूप में की थी।*

### आपसी सहमति से तय होगी मिस्री की नेपाल यात्रा

*रणधीर ने हरिभूमि के एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत और नेपाल के रिश्ते बहुआयामी हैं। जब वहां पर चुनाव हुआ और फिर नई सरकार बनी। तो उसके तुरंत बाद हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के अपने समकक्ष और नव निवार्चित पीएम बालेंद्र शाह से बातचीत की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के रिश्ते काफी पुराने, पारिवारिक और गर्मजोशी भरे रहे हैं। हम इन्हें और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। इस संबंध में भारत ने नेपाल के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता को जताया है। दोनों राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के बाद मॉरीशस में दोनों विदेश मंत्रियों की भी बातचीत हुई। इसके बाद नेपाल ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री को नेपाल की यात्रा को लेकर निमंत्रण दिया है। जहां तक उनके वहां जाने की बात है, तो इससे जुड़ी तारीखों को तय किए जाने के बारे में कोई भी ऐलान मामले पर दोनों देशों की तरफ से आपसी सहमति और स्वीकृति बन जाने के बाद किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### अप्रैल में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48% पहुंची



**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में देश की खुदरा महंगाई दर 3.48 प्रतिशत दर्ज की गई है। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में यह दर 3.40 प्रतिशत थी। वहीं खाद्य महंगाई दर अप्रैल में बढ़कर 4.20 प्रतिशत हो गई, जो मार्च में 3.87 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई 3.74 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 3.16 प्रतिशत रही। खाद्य महंगाई ग्रामीण इलाकों में 4.26 प्रतिशत तथा शहरी इलाकों में 4.10 प्रतिशत दर्ज की गई।

### सीएम विजय ने ज्योतिषी को बनाया अपना ओएसडी



**चेन्नई।** तमिलनाडु में थलपति विजय की अगुवाई वाली टीवीके सरकार ने एक राजनीतिक नियुक्ति करते हुए अपने करीबी सहयोगी, ज्योतिषी और पार्टी प्रवक्ता रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल को मुख्यमंत्री का विशेष राजनीतिक अधिकारी नियुक्त किया है। सरकार द्वारा इसकी पुष्टि की गई।

### मेटा में एआई के कारण आठ हजार कर्मचारियों की छंटनी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण दुनिया के टेक जगत में एआई के कारण लोगों की नौकरियां जाने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा 20 मई को अपने 8,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। सीईओ मार्क जुकरबर्ग अब मेटा को एआई-संचालित टीमों को तैयार कर रहे हैं।

## बोले जायसवाल, भारत द्वारा पहले ही सार्वजनिक कर दिए गए तथ्यों की ही चीन ने की है पुष्टि

# ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को दी गई मदद पर भारत की चीन को खरी-खरी

- खुद को जिम्मेदार देश बताने वालों की वैश्विक छवि आतंक के ढांचों को सुरक्षित बचाने के प्रयासों से प्रभावित नहीं होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकियों द्वारा किए गए पहलगाम हमले (26 लोग मारे गए थे) के जवाब में की गई भारत की सशस्त्र सेनाओं की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान चीन ने पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जिस तथ्य को ड्रैगन ने बीते दिनों पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर लिया है। लेकिन मंगलवार को उसकी इस स्वीकारोक्ति को लेकर भारत ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। यहां राजधानी में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में चीन का नाम लिए बगैर उसे जमकर खरी खोटी सुनाई।



### अपनी छवि की चिंता करे 'जिम्मेदार देश'

*उन्होंने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर में चीन द्वारा पाकिस्तान को मदद दिए जाने को लेकर मीडिया में आई खबरें देखी हैं। जो कि एक प्रकार से हमारे द्वारा पूर्व में इस मामले को लेकर दिए गए तथ्यों की ही पुष्टि करती हैं। यह अभियान भारत की पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में की गई सटीक, लक्ष्यों पर केंद्रित, नपी-तुली और संतुलित कार्रवाई थी। जिसका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान और उसके समर्थन से चल रहे आतंकवादी ढांचे को ध्वस्त करना था। लेकिन जो देश (चीन) स्वयं को जिम्मेदार मानते हैं। उन्हें इस बात को लेकर जरूर चिंतन-मनन करना चाहिए कि आतंकवादी ढांचों को सुरक्षित बनाए रखने के प्रयासों को समर्थन प्रदान करने से उनकी अंतरराष्ट्रीय छवि पर क्या प्रभाव पड़ता है?*

### संघर्षविराम के लिए मजबूर हुआ पाक

*मालूम हो कि पिछले साल 7 से 10 मई तक चले भारत के इस सैन्य अभियान के दौरान सेना और वायुसेना ने मिलकर पड़ोसी दुश्मन देश और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद लश्कर, जैश सहित अन्य आतंकी संगठनों के कुल 9 ठिकानों को चंद मिनटों में ही मटियामेट कर दिया था। इस दौरान 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए थे। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने पश्चिमी सीमा पर ड्रोन, मिसाइलों से बड़ा हमला किया था। जिसमें उसे कोई कामयाबी हाथ नहीं लगी और मुंह की खानी पड़ी। सेनाओं ने इसका जवाब दुश्मन के* ▶▶ शेष पेज 7 पर

## ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच खाड़ी क्षेत्र में फंसे हैं भारत के 13 जहाजः जायसवाल

### 28 फरवरी के बाद से लेकर अब तक 11 जहाज सुरक्षित ढंग से भारत पहुंच चुके हैं

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** ईरान और अमेरिका युद्ध के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि वर्तमान में भारत के 11 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित देश पहुंच चुके हैं। जबकि फारस की खाड़ी के इलाके में अभी भी हमारे 13 मालवाहक जहाज फंसे हुए हैं। यह जानकारी उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी द्वारा देशवासियों से ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण को लेकर किए गए आह्वान का अर्थ यही है कि देश के नागरिक किस प्रकार से मिलकर तेल की बचत कर सकते हैं और देश को फायदा पहुंचा सकते हैं। ऐसे में इस संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रयास ही नहीं बल्कि पूरे देश की बात हो रही है।

#### पड़ोसियों को देते ऊर्जा उत्पाद

उन्होंने कहा संकट के दौर में भारत अपने पड़ोसी देशों को ऊर्जा उत्पादों की सप्लाई कर रहा है। जिसमें हम बांग्लादेश को हाई स्पीड डीजल फ्रेंडशिप पाइपलाइन के जरिए डीजल दे रहे हैं। इसे लेकर उन्होंने हमें अपनी कुछ अतिरिक्त आवश्यकताओं के बारे में भी बताया है। जिसे हमने पूरा किया है। साथ ही हम भूटान, नेपाल, श्रीलंका और मॉरीशस को भी ऊर्जा उत्पादों की सप्लाई कर रहे हैं। नेपाल की तरफ से भी हमें उर्वरकों के मामले को लेकर एक अनुरोध प्राप्त हुआ है। जिसे भारत वर्तमान में दोनों देशों के बीच मौजूद सहयोग तंत्र की मदद से पूरा करेगा।

#### बांग्लादेश संग चाहते मजबूत संबंध

रणधीर ने पश्चिम-बंगाल चुनाव के नतीजे आने के बाद बांग्लादेश में जारी भारत विरोधी विरोध-प्रदर्शनों को लेकर कहा, भारत-बांग्लादेश के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक संबंध हैं। जिन्हें सरकार और अधिक मजबूत ▶▶ शेष पेज 7

# पीएम मोदी की अपील को उद्योग जगत का समर्थन, पर्यटन क्षेत्र ने उठाई नई मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



ईरान-अमेरिका तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से देशवासियों से विदेशी यात्राएं टालने, सोने की खरीद सीमित करने और सार्वजनिक परिवहन अपनाने की अपील को उद्योग जगत और पर्यटन क्षेत्र से व्यापक समर्थन मिला है। उद्योग संगठनों का कहना है कि ये "सात मंत्र" भारत की आर्थिक मजबूती, विदेशी मुद्रा भंडार की सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को नई दिशा देंगे। वहीं पर्यटन उद्योग ने सरकार से यह भी मांग की है कि विदेशी पर्यटकों को भारत आकर्षित करने के लिए वीजा नियम आसान किए जाएं और वैश्विक स्तर पर भारत का आक्रामक प्रचार किया जाए। पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के संगठन फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन वउ वउइविउे टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी (फेथ) ने प्रधानमंत्री की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में विदेशी मुद्रा की बचत आवश्यक है, लेकिन इसके साथ-साथ भारत को विदेशी पर्यटकों से अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित करने पर भी उतना ही जोर देना होगा। फेथ के महासचिव राजीव मेहरा ने कहा कि भारतीयों को फिलहाल अनावश्यक विदेशी पर्यटन और विदेशों में भव्य शादियों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान-अमेरिका संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता के कारण भारत पर भी दबाव बढ़ा है, ऐसे समय में विदेशी मुद्रा का संरक्षण बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि केवल विदेशी यात्राएं कम कराने से काम नहीं चलेगा। भारत को दुनिया के सबसे बड़े पर्यटन केंद्रों में बदलने के लिए वीजा प्रतिबंधों में ढील, बेहतर अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी और विदेशों में भारत के पर्यटन का बड़े स्तर पर प्रचार जरूरी है। उन्होंने अफसोस जताया कि प्राकृतिक सुंदरता, आध्यात्मिक विरासत और विश्वस्तरीय ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध भारत में हर साल केवल करीब दो करोड़ विदेशी पर्यटक ही आते हैं। उधर उद्योग संगठन एसोचैम ने प्रधानमंत्री की सात अपीलों को "विकसित भारत के सात मंत्र" करार दिया। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों और रेल परिवहन को बढ़ावा देने से प्रदूषण कम होगा, ईंधन सुरक्षा मजबूत होगी और देश की लॉजिस्टिक ▶▶ शेष पेज 7 पर

# राष्ट्रपति मुर्मू ने 15 नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नर्सिंग कर्मियों के समर्पण और सेवा भावना को सम्मान देते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2026 प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में देशभर के 15 उत्कृष्ट नर्सिंग पेशेवरों को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। यह पुरस्कार नर्सिंग क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान, सेवा भावना और मरीजों की देखभाल में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार पंजीकृत नर्सों, मिडवाइव्स, सहायक नर्स मिडवाइव्स (एएनएम) और लेडी हेल्थ विजिटर्स को दिया जाता है, जो केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और स्वैच्छिक संगठनों में सेवाएं दे रहे हैं। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को प्रशस्ति पत्र, एक लाख रुपये की नकद राशि और पदक प्रदान किया गया। यह सम्मान स्वास्थ्य क्षेत्र के इन कर्मयोगियों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक माना जाता है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह अवसर नर्सिंग कर्मियों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के ▶▶ शेष पेज 7 पर

# हिमंता बिस्वा लगातार दूसरी बार बने असम के सीएम



मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव समेत कई राज्यों के सीएम मौजूद रहे

### एक महिला समेत 4 नेताओं ने ली मंत्री पद की शपथ

**गुवाहाटी।** असम में नई सरकार के गठन के बाद मंगलवार को शपथ ग्रहण समारोह हुआ। हिमंता बिस्वा ने लगातार दूसरी बार असम के सीएम के रूप में शपथ ली। साथ ही एक महिला नेता समेत 4 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान मंच पर पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, सीएम डॉ. मोहन यादव समेत कई राज्यों के सीएम मौजूद रहे। असम में तीसरी एनडीए सरकार बनी है और सरमा राज्य में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री बन गए हैं।

## भोजशाला मामले में सुनवाई पूरी

# भोजशाला मंदिर या मस्जिद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

- एएसआई ने 98 दिन तक सर्वे कर 2 हजार से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट पेश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

धार भोजशाला मामले में हाईकोर्ट में 6 अप्रैल से चल रही सुनवाई अब पूरी हो गई है। कोर्ट ने सभी पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है। मंगलवार को हाईकोर्ट में इस केस की अंतिम बहस थी। भोजशाला के मालिकाना हक को लेकर वर्ष 2022 में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की तरफ से इंदौर हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी।



फाइल फोटो

विवादित परिसर भोजशाला है या कमाल मौला मस्जिद, इसे तय करने के लिए हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को सर्वे करने के लिए कहा था। एएसआई ने 98 दिनों तक सर्वे कर दो हजार से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट पेश की, जिसमें बताया गया कि भोजशाला एक मंदिर था और उसे 12वीं शताब्दी में बनाया गया था, जबकि मुस्लिम पक्ष ने इस सर्वे पर आपत्ति दर्ज कराई थी और सर्वे की वीडियोग्राफी भी मुहैया कराने की मांग की थी। सुनवाई में हिंदू पक्ष की ओर मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने भोजशाला के मंदिर होने के तर्क रखे थे। उनका कहना था कि हिंदू समाज को भोजशाला में अनुच्छेद 25 के अनुसार पूजा का अधिकार मिले तथा मुस्लिम समाज को भोजशाला परिसर में किसी भी धार्मिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। वहीं ब्रिटिश म्यूजियम में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा को फिर भोजशाला में लाकर स्थापित करने ▶▶ शेष पेज 7 पर

## भारत की अर्थव्यवस्था लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर का अनुमान

# 2027 में चौथी और 2031 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नजर रखने वाली संस्था इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) की ताज़ा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में भारत को बड़ा झटका लगा है। नाममात्र जीडीपी के आधार पर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से फिसलकर छठे स्थान पर पहुंच गया है। इस रैंकिंग में जापान और ब्रिटेन ने भारत को पीछे छोड़ दिया है। आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2026 में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि ब्रिटेन की



अर्थव्यवस्था 4.27 ट्रिलियन डॉलर और जापान की 4.38 ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है। हालांकि अंतर बहुत अधिक नहीं है, लेकिन इससे यह स्पष्ट हुआ है कि वैश्विक आर्थिक रैंकिंग में मुद्रा विनिमय दर और जीडीपी गणना पद्धति कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### 2027 में फिर आगे निकलने का अनुमान

*हालांकि वर्तमान गिरावट को स्थायी नहीं माना जा रहा है। आईएमएफ का अनुमान है कि भारत 2027 तक फिर ब्रिटेन और जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बाद 2031 तक भारत के जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने की संभावना जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, विशाल घरेलू बाजार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा निवेश भविष्य में इसे वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर सकते हैं।*

### सुधारों की रफ्तार बढ़ाने की जरूरत

*आर्थिक जानकारों का मानना है कि केवल रैंकिंग सुधारना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को बिजली, उर्वरक, विनिर्माण और श्रम सुधार जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में भी तेजी से कदम उठाने होंगे। विशेष रूप से बिजली वितरण कंपनियों की स्थिति, कृषि सब्सिडी और उत्पादन लागत को लेकर लंबे समय से सुधार की मांग की जा रही है। साथ ही, निर्यात बढ़ाने, रोजगार सृजन और निजी निवेश आकर्षित करने पर भी जोर देना होगा।*

### नीति निर्माताओं के लिए चेतावनी

*आईएमएफ रिपोर्ट को नीति निर्माताओं के लिए एक चेतावनी के रूप में भी देखा जा रहा है। वैश्विक संकटों और मुद्रा उतार-चढ़ाव के दौर में केवल उच्च विकास दर पर्याप्त नहीं होती, बल्कि मजबूत विनिमय दर, स्थिर वित्तीय नीति और संरचनात्मक सुधार भी जरूरी होते हैं। भारत की अर्थव्यवस्था लंबी अवधि में मजबूत दिख रही है, लेकिन वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने के लिए सरकार को आर्थिक सुधारों की गति बनाए रखने के साथ-साथ बाहरी जोखिमों के लिए भी तैयार रहना होगा।*

# हरियाणा में92% गेहूं उठान संपन्न, जल्द आवंटित होंगे 4000 नए राशन डिपो

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में 92 प्रतिशत गेहूं का उठान पूरा हो चुका है और शेष उठान कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है...

हरियाणा के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में 92 प्रतिशत गेहूं का उठान पूरा हो चुका है और शेष उठान कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। मंत्री ने एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि हरियाणा में किसी प्रकार की कालाबाजारी नहीं है।

उन्होंने बताया कि जहां भी अनियमितता की शिकायत सामने आई, वहां सख्त कार्रवाई की गई और सैकड़ों मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल्द ही 4000 नए राशन डिपो अलॉट किए जाएंगे। खास बात यह है कि इनमें 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया जाएगा, जिससे महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता का बड़ा अवसर मिलेगा।



## लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं

मंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है और भविष्य में भी किसी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनाज मंडियों में बरसात के दौरान गेहूं भीगने की समस्या को लेकर मंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है ताकि किसानों का अनाज सुरक्षित रहे और कोई नुकसान न हो।

## नए साइलो और वेयरहाउस बनाए जाएंगे

उन्होंने बताया कि प्रदेश में जल्द नए साइलो और वेयरहाउस स्थापित किए जाएंगे, ताकि अनाज भंडारण की क्षमता बढ़े और फसल सुरक्षित रखी जा सके। इस विषय पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक हो चुकी है और केंद्र सरकार से भी आवश्यक स्तर पर चर्चा की जा चुकी है। मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर बात करते हुए कहा कि अमेरिका-ईरान युद्ध जैसे हालातों के चलते प्रधानमंत्री ने देश को सुदृढ़ रखने के लिए जनता से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गोल्ड खरीदने से बचें और अधिक से अधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। फिलहाल मंत्री के बयान को प्रदेश में किसानों, उपभोक्ताओं और राशन व्यवस्था से जुड़े लोगों के लिए राहत भरा माना जा रहा है।

**मंत्री का बयान राहत भरा माना जा रहा है**

## खबर संक्षेप

### निगम मुख्यालय के बाहर कर्मियों ने डाला कूड़ा



फरीदाबाद। फरीदाबाद में सफाई कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन तेज होता जा रहा है। हरियाणा के अन्य जिलों की तरह यहां भी कर्मचारियों ने अपनी नाराजगी जताने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। देर रात सफाई कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्रॉली में कूड़ा भरकर नगर निगम कार्यालय पहुंचे और कमिश्नर के मुख्य गेट के बाहर सडक़ पर कूड़ा फैला दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कर्मचारी ट्रॉली से कूड़ा उतारते नजर आ रहे हैं।

### गुरुग्राम का सेक्टर-51 बना अमोनिया हॉटस्पॉट



**गुरुग्राम।** हरियाणा में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। जिसमें -गुरुग्राम का सेक्टर-51 अमोनिया हॉटस्पॉट बन गया है। रेस्पायर लिविंग साइंसेज की नई रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर राष्ट्रीय मानकों से दोगुने से भी ज्यादा है। वहीं अमोनिया के स्तर में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि और पशुधन से निकलने वाली अमोनिया दूसरे कण प्रदूषण की बड़ी वजह बन रही है।

### चोरी की 2 बाइक बरामद, आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 वाहन चोरों को काबू कर चोरी की 2 बाइक बरामद की हैं। दरअसल 30 मार्च 2026 को थाना कोतवाली में एक बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-56 ने मनीष को सेक्टर-56 के पास से गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद की है। आरोपी पर पहले से मामला दर्ज है।

### 1.245 किलोग्राम गांजा बरामद, गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने 1.245 किलोग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार की पहचान आशीष वासी बापौती, कारोली राजस्थान हाल बसेलवा कॉलोनी फरीदाबाद के रुप में हुई है। 11 मई को क्राईम ब्रांच की टीम ने सूचना पर आशीष को 1.245 किलोग्राम गांजा सहित समयपुर रोड से ऑटो के साथ काबू किया था। जिसके विरुद्ध थाना सेक्टर-58 में एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

### नगर निगम अधिकारियों से केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर बोले-

# फरीदाबाद में भ्रष्टाचार किया तो तुम्हें कीड़े पड़ेंगे, तुम्हारी औलाद भी भुगतेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने नगर निगम के चीफ इंजीनियर, एक्सईन समेत कई अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। श्री गुर्जर ने कहा कि यहां से चले जाओ, नहीं तो हथकड़ियां लगवा दूंगा। नगर निगम को अधिकारियों ने लूट का अड्डा बना दिया है।दिशा की मीटिंग में मौजूद विधायक मूलचंद शर्मा ने इन अधिकारियों से कहा कि निगम में भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है। दरअसल, कृष्णपाल गुर्जर को नगर निगम में भ्रष्टाचार की शिकायत मिल रही थी।

इसी को लेकर मंगलवार को निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। मीटिंग में गुर्जर ने कहा कि ठेकेदारों के जरिए निगम के पैसे की बंदरबांट हो रही है। इंटरलॉकिंग टाइल और सीवर ढक्कनों में लगातार घटिया क्वालिटी की सामग्री इस्तेमाल होने की शिकायत मिल रही है। गुर्जर सेक्टर-12 में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विधायक मंत्री मूलचंद शर्मा, बडख़ल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी 86 विधायक सतीश फागना और पृथला विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया भी मौजूद रहे। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें योजनाओं के बजट व्यय, लाभार्थियों तक पहुंच, जमीनी प्रभाव और पारदर्शिता को प्रमुखता से लिया गया।

> कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि निगम में पेड़ो के नाम पर लाखों के बिल बनाए जा रहे हैं, लेकिन जमीन पर कोई पेड़ नही मिलता है। यहां से 10-10 करोड़ रुपए के पेड़ गायब है। माल ये लोग खाते हैं, बदनामी हमारी होती है।

**खास बातें**

- इंटरलॉकिंग टाइल और सीवर ढक्कनों में घटिया क्वालिटी की सामग्री का हो रहा इस्तेमाल
- योजनाओं के बजट व्यय लाभार्थियों तक पहुंच पर की गई चर्चा



### जनप्रतिनिधियों से बात किए बिना रास्ते को बंद करना गलत

अद्लखा ने कहा कि हमने भी 20 साल से नगर निगम के काम किए हैं। 10 साल पुरानी आज तक टूटी नहीं है। लेकिन पिछले 10 साल में जो सड़कें बनी हैं, हर चौथे महीने टूट जाती है। बैठक में मवई गांव के पास रास्ता बंद किए जाने का मामला उठने पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि बिना स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बातचीत किए किसी भी रास्ते को बंद करना गलत है। मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि यदि कहीं अतिक्रमण है तो प्रशासन नियमानुसार कार्रवाई करे और अतिक्रमण हटाए, लेकिन आम लोगों की आवाजाही पूरी तरह बंद करना उचित नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाए। गुर्जर ने कहा कि गांवों वाले रोज अपनी समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचते हैं। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि लोगों को परेशानियों का समाधान करे। उन्होंने विभागों को आपसी तालमेल के साथ काम करने की सलाह दी। बैठक के दौरान लोकसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

### पेड़ो के नाम पर लाखों के बिल

कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि निगम में पेड़ो के नाम पर लाखों के बिल बनाए जा रहे हैं, लेकिन जमीन पर कोई पेड़ नही मिलता है। यहां से 10-10 करोड़ रुपए के पेड़ गायब है। माल ये लोग खाते हैं, बदनामी हमारी होती है। कृष्णपाल गुर्जर ने आगे कहा कि मेरी बात याद रखना, ये जनता का पैसा है। कीड़े पडेंगे तुम्हें। तुम्हारी औलाद भी भुगतेगी। जिस पाप की कमाई को तुम खा रहे हो, ऊपर वाला देख रहा है। उन्होंने डीसी और कमिश्नर को भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों को चार्जशीट करने के दिए आदेश भी दिए। बैठक में मौजूद बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि इनका पूरी तरह से इलाज कर देंगे।

### खराब पानी को लेकर आयोग का सख्त

# जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर को एक सप्ताह के भीतर पानी की जांच कराने के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



इंदिरापुरम स्थित अहिंसा खंड–1 की शिप्रा कृष्णा विस्ता सोसायटी में खराब एवं दूषित पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए संबंधित विभागों एवं जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब किया है। आयोग ने जिलाधिकारी गाज़ियाबाद एवं पुलिस कमिश्नर को निर्देश दिए गए हैं कि एक सप्ताह के भीतर सोसायटी के पानी की गहन जांच कराई जाए तथा जल स्रोत के नमूनों की नियमानुसार परीक्षण प्रक्रिया पूर्ण कर रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराई जाए।

- जांच में पानी के नमूने फेल पाए गए

ज्ञात हो कि अप्रैल 2026 में शिप्रा कृष्णा विस्ता सोसायटी में बड़ी संख्या में बच्चों की तबीयत खराब होने की खबर सामने आई थी। कई परिवारों के अनुसार बच्चों में बुखार, उल्टी-दस्त एवं पेट दर्द जैसे लक्षण लगातार देखे गए थे। प्रशासन द्वारा कराई गई प्रारंभिक जांच में पानी के चार नमूने फेल पाए गए थे। सोसायटी निवासी संजय सक्सेना ने बताया कि पानी की जांच रिपोर्ट को लेकर जलकल विभाग से भी लगातार संपर्क किया जा रहा है, ताकि पानी की गुणवत्ता की निष्पक्ष एवं प्रमाणिक जांच रिपोर्ट निवासियों को प्राप्त हो सके। रिपोर्ट सामने आने के बाद सोसायटी की आरडब्ल्यूए सक्रिय हुई और अंडरग्राउंड टैंक सहित सभी 11 टावरों की पानी की टंकियों की सफाई कराई गई। हालांकि टंकी सफाई के बाद भी प्रशासन की ओर से जांच रिपोर्ट सार्वजनिक न किया जाना पारदर्शिता एवं सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है।

सोसायटी निवासियों को आशा है कि आयोग के इस हस्तक्षेप एवं आदेश के बाद पानी की गुणवत्ता को लेकर पारदर्शिता बढ़ेगी तथा निवासियों को प्रमाणिक, सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

### लाइसेंसी हथियारों को लेकर एडवाइजरी

# हथियार का उपयोग होने पर अथॉरिटी को सूचना देनी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

गृह मंत्रालय हरियाणा सरकार द्वारा लाइसेंसी हथियारों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है। जिस संदर्भ में सभी लाइसेंस धारकों को सूचित किया जाता है कि जब भी उनके द्वारा अपने लाइसेंसी हथियार का उपयोग किया जाता है तो उसका पूर्ण विवरण 30 दिन के अंदर-अंदर लाइसेंसिंग अथॉरिटी को देना अनिवार्य होगा। जिसके अंतर्गत हथियार के उपयोग की तारीख, स्थान, उद्देश्य, कितने राउंड फायर किए, खाली खोल जमा करना, यदि खाली खोल उपलब्ध नहीं है तो कारण बताना आदि का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। यदि लाइसेंस धारक विवरण उपलब्ध कराने में असफल रहता है तो प्राधिकृत अथॉरिटी, लाइसेंस नवीनीकरण के समय आवश्यक कार्रवाई करेगी।



संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों की पालना लाइसेंस धारकों द्वारा सुनिश्चित की जाये अन्यथा लाइसेंस नवीनीकरण के समय प्राधिकृत अथॉरिटी प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज कर लाइसेंस को निलंबित या रद्द करने जैसी कार्रवाई भी कर सकती है।

### साइबर थाना टीम की कार्रवाई

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी,आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर हुई 6,60,500 रुपए की ठगी के मामले में बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-8, फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसने फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश संबंधी एक विज्ञापन देखा। जिसके बाद उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया।

कुछ दिन ग्रुप की गतिविधियों को देखने के बाद उसने निवेश करने का निर्णय लिया और ग्रुप में ट्रेडिंग अकाउंट खोलने के लिए संपर्क किया। इसके बाद उसको प्ले स्टोर से एप्लिकेशन डाउनलोड के लिए कहा । लॉगिन करने के बाद उसने आरोपियों के बताए अनुसार विभिन्न खातों में कुल 6,60,500 रुपए निवेश के लिए ट्रांसफर कर दिए। कुछ दिन बाद उसके ट्रैडिंग अकाउंट में अचानक 30 लाख रुपये दिखाया जाने लगाए जिसके नाम पर उस पर और पैसे जमा करवाने का दबाव बनाया गया। पैसे न देने पर उसे पुलिस कार्रवाई का डर भी दिखाया गया।

शिकायत के आधार पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान सोनू कुमार साह निवासी दयाल बाग कॉलोनी, फरीदाबाद के रूप में हुई है। वह इंश्योरेंस का काम करता है और उसने खाताधारक प्रशांत का बैंक खाता लेकर साइबर ठगों को उपलब्ध करवाया था। उक्त खाते में ठगी के 2,35,000 रुपए प्राप्त हुए थे।

### 20 मई को बिजली मंत्री के आवास पर करेंगे विरोध प्रदर्शन

# ठेका कर्मियों को नियमित कराने को लेकर बिजली कर्मियों ने एसई ऑफिस पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ठेका कर्मियों को पक्का करने की बजाय उनको बार-बार अलग-अलग तरीके से मानसिक रूप से परेशान करने के खिलाफ मंगलवार को बिजली कर्मचारियों ने सेक्टर-23 स्थित एसई ऑफिस पर आक्रोश प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पारित प्रस्ताव में नगर निगम और फायर के कर्मचारियों की चल रही हड़ताल और मांगों का पुरजोर समर्थन किया तथा सरकार से मांगों का समाधान कर हड़ताल समाप्त करवाने की अपील की गई। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के बेनर तले आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान एसई की गैर मौजूदगी में एनआईटी फरीदाबाद की एक्सियन उर्मिला ग्रेवाल को ज्ञापन सौंपा और अलग-अलग तरीके से ठेका कर्मचारियों के किए जा रहे उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग की।




### कई संगठनों का मिला समर्थन

प्रदर्शन में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में 20 मई को बिजली मंत्री अनिल विज के अंबाला कैंप आफिस पर होने वाले प्रदर्शन में हिस्सा लेने का ऐलान किया। सर्कल सचिव कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन में इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा और अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

### ठेका कर्मियों को नौकरी से निकाला तो आंदोलन

भीष्म गर्मी के बावजूद बिजली कर्मचारियों का गुस्सा देखते ही बनता था। प्रदर्शन में चेतावनी दी कि जांच का बहाना बना कर किसी भी ठेका कर्मचारी को नौकरी से निकालने की हिमाकत की तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर सड़कों पर उतरने मजबूर होंगे। भीषण गर्मी में आम आदमी को कोई परेशानी होगी तो इसके लिए सरकार व निगम प्रबंधन जिम्मेदार होगा।

### तड़के 4 बजे एक गाड़ी में आग लगती दिखाई दी

# जवाहर कॉलोनी में आग से मचा हड़कंप जलकर राख हो गईं 5 लग्जरी गाड़ियां

**लोगों ने भागकर बचाई जान,मची अफरातफरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जवाहर कॉलोनी स्थित लक्ष्मी डेरी वाली गली में साईं मंदिर के पास मंगलवार तडक़े आग लगने से पांच गाडिय़ां जलकर राख हो गईं। आग इतनी तेजी से फैली की आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक मकान को भी नुकसान पहुंचा। घर की दीवारों पर लगी टाइलें झड़ गईं और एसी जल गया। घर में मौजूद लोगों ने पिछले दरवाजे से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। लोगों के अनुसार तड़के करीब चार बजे अचानक एक गाड़ी में आग लगी दिखाई दी। आग ने पास में खड़ी अन्य चार गाड़ियों को भी चपेट में ले लिया। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि आग पर काबू नहीं पाया जा सका।बताया जा रहा है कि रात करीब दो बजे एक टैक्सी नंबर की गाड़ी खाली प्लॉट में आकर खड़ी हुई थी। उसी गाड़ी में सबसे पहले आग लगने की बात सामने आ रही है। इसके बाद आग आसपास खड़ी गाडिय़ों तक पहुंच गई। कुछ ही देर में पांचों गाड़ियां जलने लगीं।

### सूचना के बावजूद एक घंटा देर से पहुंची दमकल की गाड़ियां



स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल विभाग की गाड़यां करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंचीं। तब तक अधिकांश गाडिय़ां पूरी तरह जल चुकी थीं। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय निवासी विक्रम ने बताया कि सुबह करीब 4.30 बजे जब वह अपने घर से सुबह-सुबह वॉक पर जाने के लिए निकले, तो उन्हें जलने की बदबू और धुआं दिखाई दिया। जब वह पास के खाली मैदान की ओर गए, तो देखा कि एक गाड़ी में आग लगी हुई थी। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन कई गाडिय़ां सीएनजी की होने के कारण लोग ज्यादा करीब जाने से डर रहे थे।इसी दौरान आग तेजी से फैलती गई और पास खड़ी अन्य गाडिय़ां भी उसकी चपेट में आ गईं। देखते ही देखते कुल पांच गाडिय़ों में आग लग गई।

### मशक्कत के बाद गाड़ियों में लगी आग पर काबू पाया

सुबह करीब 4:45 बजे फायर स्टेशन पर कई गाडिय़ों में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी टीम के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। टीम ने कड़ी मेहनत के बाद सभी गाड़ियों में लगी आग पर काबू पा लिया। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि कई गाडिय़ां सीएनजी की थी, जिससे आग तेजी से फैल सकती है।
**सुखबीर यादव, अधिकारी, एनआईटी फायर स्टेशन**

# क्लिक करने पर ठग लिए 8,53,750

### पानी का बिल भरने के नाम पर भेजा गया था लिंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पानी का बिल भरने के नाम पर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान मंजिन्द्र सिंह निवासी गांव सलेमपुरा, सुखजिन्द्र सिंह तथा जतिन्द्र सिंह लुधियाना के रूप में हुई है। साइबर थाना की टीम ने 11 मई को तीनों को उनके गांव से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-85 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी थी कि 7 अप्रैल को उसके मोबाइल फोन पर पानी का बिल भरने संबंधी एक संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें एक मोबाइल नंबर भी दिया गया था। उसने जब उक्त नंबर पर संपर्क किया तो आरोपियों ने उसे एक लिंक भेजा और प्लॉट की आईडी भरने के लिए कहा। साथ ही यह भी कहा गया कि आईडी रजिस्टर करने के बाद पानी का बिल नहीं आएगा। जैसे ही उसने लिंक पर क्लिक कियाए कुछ ही देर बाद उसके बैंक खाते से 8,53,750 रुपये निकाल लिये गए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रू.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए फतेहाबाद | ओ/एल आरडी 75100–आर खेड़ी डिस्टी पर वाटरकोर्स की लाइनिंग (बकाया कार्य) + 7 कार्य। | 08.05.2026 18.05.2026 | रू.1,09,04,844/- | https://etenders.hry.nic.in | 9215041185 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45056/1/88/7 दि. 12.05.26

### एलएनजेपी अस्पताल में नर्सों के बीच पहुंचीं सीएम

# देशभर से आईं नर्सों ने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को बनाया विश्वस्तरीय: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता के पीछे देश के कोने-कोने से आईं नर्सों का महत्वपूर्ण योगदान है। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल का औचक निरीक्षण के दौरान कही।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल के अलग-अलग वार्डों में जाकर नर्सिंग स्टाफ से मुलाकात की और उनके निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बेहद आत्मीयता के साथ नर्सों से बातचीत की। उन्होंने न केवल उनके कार्य अनुभवों को साझा किया, बल्कि प्रतीक स्वरूप उन्हें फूल भेंट कर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री के इस सरल व्यवहार को देखकर नर्सिंग स्टाफ भावुक हो उठा। कई नर्सों ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी ली और इसे अपने करियर का सबसे यादगार पल बताते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता और संवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। डॉक्टर यदि उपचार करते हैं तो नर्सें अपनी ममता और देखभाल से मरीज को नया जीवन देती हैं। कठिन परिस्थितियों में आपका धैर्य हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अस्पताल में कार्यरत विभिन्न राज्यों (केरल, राजस्थान, पंजाब आदि) के नर्सिंग स्टाफ से विशेष तौर पर बात की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता के पीछे देश के कोने-कोने से आए इन जांबाज स्वास्थ्यकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है।



मुख्यमंत्री ने संवाद के दौरान बताया कि दिल्ली सरकार ने 27 साल का लंबा इंतजार खत्म करते हुए नर्सिंग इंटर्न्स के स्टाइपेंड में 27 गुना की रिकॉर्ड वृद्धि की है। उनको मिलने वाली राशि 500 रुपये से बढ़ाकर 13 हजार 150 कर दी गई है। इस फैसले से 180 नर्सिंग इंटर्न्स को बड़ी राहत मिली है। इसी क्रम में, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए सरकार ने 1 हजार 388 नर्सिंग अधिकारियों और 41 पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र भी दिए गए हैं।

### दिल्ली सरकार नर्सों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने नर्सों को भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्यकर्मियों के वर्क कल्चर को और बेहतर बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मरीजों की सेवा में दिन-रात समर्पित रहने वाले नर्सिंग स्टाफ का सम्मान करना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने सभी नर्सों को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर सेवा भावना के लिए उनका हौसला बढ़ाया।

## नर्सों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : डॉ. पंकज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कोरोना संकट के समय में नर्सों ने अपने जीवन की परवाह किए बिना दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर रात-दिन लोगों की सेवा की। उनके इस योगदान को हमेशा बेहद सम्मान एवं कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा। यह बातें मंगलवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर लोक नायक अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में डॉ. पंकज ने नर्सिंग समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही मानवता की सेवा करने में उनकी समर्पित और संवेदनशील भूमिका की दिल खोलकर सराहना की। डॉ. पंकज ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं है, बल्कि संवेदनशीलता और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि जब किसी बच्चे का जन्म होता है, तो मां के बाद सबसे पहले उस नवजात की देखभाल करने वाली नर्स होती है।

### 'हिन्दूराव अस्पताल में सत्या ने नर्सों को किया सम्मानित'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था ज़म ज़म फाउन्डेशन के द्वारा हिन्दूराव अस्पताल में आयोजित एक सम्मान समारोह में अस्पताल में निःस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने वाली नर्सों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया। सत्या शर्मा ने कहा कि अस्पताल में मरीज़ों को जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ मिले इसके लिए डॉक्टर्स के साथ साथ नर्सों की भी बहुत बड़ी भूमिका होती है। सभी नर्सों को इस अवसर पर उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ता भाजपा संगठन की अमूल्य पूंजीः सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार शाम बाहरी दिल्ली जिले में आयोजित 'पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान' के अंतर्गत 'कार्यकर्ता सम्भाल एवं दायित्वबोध' विषय पर सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य पूंजी है और पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को धरोहर की तरह मानती है। सचदेवा ने कहा कि भाजपा अन्य राजनीतिक दलों से इसलिए अलग और श्रेष्ठ है क्योंकि यहां कार्यकर्ताओं का समर्पण, अनुशासन और सेवा भाव सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के बीच उनकी सक्रिय भागीदारी से ही संभव होती है।

### बिजली की खपत पहुंची 6800 मेगावाट पार

नई दिल्ली। लगातार दूसरे दिन मंगलवार को दिल्ली में बिजली की मांग में 400 मेगावाट से अधिक का बड़ा उछाल दर्ज हुआ है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली के आंकड़ों के अनुसार अपराह्न 4 बजे बिजली की अधिकतम मांग बढ़कर 6829 मेगावाट पहुंच गई। जबकि यह आंकड़ा एक दिन पूर्व बुधवार को 6543 मेगावाट दर्ज हुआ। आंकड़ों की तुलना करें तो सोमवार की तुलना में मंगलवार को बिजली की कुल में 286 मेगावाट की भारी बढ़त देखने को मिली। मांग बढ़ने के साथ ही दिल्ली में कई क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती की शिकायत भी सामने आई है।

### 23 मई को होगा एमसीडी वार्ड समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के तीन सदस्यों के चुनाव के बाद अब वार्ड समितियों (जोन) के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव शनिवार 23 मई को होंगे। इसके साथ ही स्थायी समिति के 6 सदस्यों के रिक्त होने जा रहे पदों के लिए भी 6 सदस्यों का चुनाव कराया जायेगा। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, निगम सचिव कार्यालय ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार, निगम पार्षदों द्वारा अपने नामांकन पत्र 19 मई तक भरे जा सकेंगे। जोन एवं स्थायी समिति के लिए चुनाव की प्रक्रिया 23 मई को एमसीडी मुख्यालय, सिविक सेंटर में सुबह 10 बजे से 5 बजे क बीच कराई जायेगी। बता दें कि निगम के कुल 12 जोन (वार्ड समितियां) हैं और नियमानुसार हर वर्ष इन वार्ड समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव कराया जाता है। गौरतलब है कि स्थायी समिति के लिए 6 जोन में एक-एक सदस्य का चुनाव कराया जायेगा। इनमें केशव पुरम, नरेला, नजफगढ़, सेंट्रल जोन एवं शाहदरा साउथ जोन के नाम शामिल हैं।

## राजनीतिक मिलीभगत और संरक्षण के चलते लीक हो रहे नीट के पेपर: केजरीवाल




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने पेपर लीक होने के बाद नीट की परीक्षा रद्द करने पर केंद्र की मोदी सरकार को आड़े हाथ लिया है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजनीतिक मिलीभगत और संरक्षण के चलते नीट के पेपर लीक हो रहे हैं। इससे पहले 2017, 2021 और फिर 2024 में भी नीट का पेपर लीक हुआ था और अब फिर लीक हो गया।

चार बार नीट का पेपर लीक हो चुका है, लेकिन अभी तक पेपर लीक कराने वाले किसी आरोपी को सजा नहीं मिली है। पिछली बार जिन्होंने पेपर लीक किया, वो भी जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि सालों तक तैयारी करने वाले करोड़ों युवाओं के साथ ये बहुत बड़ा धोखा है। अब युवाओं को सड़कों पर उतरना पड़ेगा। आम आदमी पार्टी उनके साथ खड़ी है। केजरीवाल ने नीट परीक्षा रद्द होने से प्रभावित लाखों बच्चों और उनके पेरेंट्स के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि मैंने भी अपनी जिंदगी में पहले आईआईटी का पेपर दिया था और फिर सिविल सर्विस का पेपर दिया था। मैं जानता हूं कि इसके लिए किस तरह से कठोर तपस्या करनी पड़ती है। हिसार में हमारा एक छोटा सा घर होता था, वहां ऊपर हमने एक छोटा सा कमरा बनवा लिया था। 24 घंटे उस कमरे में बैठकर मैं तैयारी करता रहता था। सौभाग्य से उन दिनों में पेपर लीक नहीं हुआ करते थे। केजरीवाल ने कहा कि कई परिवार बहुत गरीब होते हैं और कोचिंग बहुत महंगी है।

### एबीवीपी ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित अनियमितताओं पर की जांच की मांग

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नीट-यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ी सामने आ रही कथित अनियमितताओं, पेपर लीक एवं परीक्षा की गोपनीयता एवं विश्वसनीयता को लेकर उठ रहे गंभीर प्रश्नों पर गहन चिंता व्यक्त करती है। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स, एनटीए एवं जांच एजेंसियों द्वारा सामने लाई जा रही जानकारी ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के मन में परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को लेकर गहरी चिंता उत्पन्न की है। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि देश के लाखों विद्यार्थी वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद नीट जैसी परीक्षाओं में सम्मिलित होते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की अनियमितता उनके मनोबल एवं भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालती है। इसलिए आवश्यक है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो तथा दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा न जाए। एबीवीपी लगातार यह मांग करती रही है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में तकनीकी सुरक्षा, प्रश्नपत्र गोपनीयता, परीक्षा केंद्रों की निगरानी एवं जवाबदेही की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। एबीवीपी सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को यह आश्वस्त करती है कि विद्यार्थियों के हित, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था एवं न्याय सुनिश्चित करने हेतु विद्यार्थी परिषद निरंतर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

## सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य निर्धारित समयसीमा में करें पूराः प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को विधायक प्रद्युम्न राजपूत और अधिकारियों के साथ द्वारका के विभिन्न इलाकों को निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी काम समयसीमा में पूरे किए जाएं और शिकायत न मिले। शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर निरीक्षण का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि मंगलवार को विधायक प्रद्युम्न राजपूत, निगम पार्षद पूनम जिंदल, नरेंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष राज शर्मा तथा पीडब्ल्यूडी , जल बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, और डीडीए के के अधिकारियों, डीएम एवं डीसीपी के साथ द्वारका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों काली माता मंदिर पंखा रोड, रघु नगर डाबड़ी चौक, डाबड़ी-पालम रोड, दशरथ पुरी मेट्रो स्टेशन, इंदिरा पार्क रामलीला ग्राउंड सागरपुर रोड, सागरपुर नाला रोड टी-प्वाइंट तथा ब्रह्मपुरी पंखा रोड फ्लाईओवर क्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों को हो रही समस्याओं एवं विकास कार्यों में कमियों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी विभाग समन्वय के साथ तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारंभ करें तथा निर्धारित समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही काली माता मंदिर, पंखा रोड पर सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा 1 करोड़ की लागत से निर्मित नई पुलिया का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित दिल्ली' के संकल्प को धरातल पर उतारने हेतु जनसुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### केजरीवाल के आरोपों पर प्रतिक्रिया

### भ्रष्टाचार के आरोपी को पारदर्शिता की बात करने का अधिकार नहीं : कपिल

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने नीट परीक्षा और अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र को विफल करार देने पर मंत्री कपिल मिश्रा ने इसे केजरीवाल का राजनीतिक ड्रामा बताते हुए दिल्ली सरकार की अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने की कोशिश करार दिया है। कपिल मिश्रा ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जो व्यक्ति खुद भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरा हो और जिसकी पार्टी के कई नेता जेल में हों, उसे पारदर्शिता की बात करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। केजरीवाल द्वारा मिडिल क्लास के पक्ष में बोलने पर मिश्रा ने पलटवार करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता जानती है कि शीशमहल बनाने वाले लोग मिडिल क्लास के दुख-दर्द की बात सिर्फ राजनीति के लिए करते हैं। मिश्रा ने कहा कि पीएम मोदी का आह्वान वैश्विक संकट (ईरान-अमेरिका तनाव) के समय देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है, जबकि केजरीवाल केवल नकारात्मकता और अफवाहें फैलाकर बाजार का भरोसा तोड़ना चाहते हैं।

## चहल ने मानसून की तैयारियों के लिए किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आगामी मानसून के दौरान नागरिक सेवाएं सुचारु रूप से जारी रखने और जलभराव की समस्या को कम करने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने मंगलवार को सिविल, विद्युत, उद्यान, स्वास्थ्य एवं सड़क विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एनडीएमसी क्षेत्र के विभिन्न जलभराव संभावित स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चहल ने भारती नगर, गोल्फ लिंक, तुगलक लेन और पंडारा रोड जैसे प्रमुख जलभराव संभावित क्षेत्रों का दौरा कर तैयारियों और रोकथाम संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। चहल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत" के विजन के तहत स्वच्छ, सुरक्षित, मजबूत और आधुनिक शहरी व्यवस्था विकसित करने के लिए एनडीएमसी प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मानसून से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं तथा भारी वर्षा के दौरान त्वरित कार्रवाई के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखा जाए।

### मुलाकात...



*नई दिल्ली। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मिलने पहुंचे दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा। इस मौके पर मंत्री प्रवेश ने एलजी संधू से दिल्ली के विकास को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की।*

## महापौर ने नजफगढ़ जोन में गोयला बायोगैस संयंत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली को स्वच्छ व हरित राजधानी बनाने की दिशा में बायोगैस प्लांट होगा उपयोगी

दिल्ली को स्वच्छ व हरित राजधानी बनाने की दिशा में ये बायोगैस प्लांट विशेष रूप से उपयोगी होगा। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने मंगलवार को निर्माणाधीन गोयला डेयरी स्थित बायोगैस संयंत्र का दौरा किया और प्लांट में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के बाद मीडिया के साथ यह जानकारी साझा की।

महापौर प्रवेश वाही ने इस दौरान गोयला सीबीजी प्लांट को सुचारू रूप से क्रियान्वयन में लाने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोयला संयंत्र की स्थापना और संचालन में कोई भी अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र से चलने से क्षेत्र के लोगों को प्रदूषण से राहत मिलेगी और यमुना नदी में गंदगी जाने पर रोक लगेगी।

उन्होंने बताया कि गोयला डेयरी में बायोगैस प्लांट जुलाई माह तक बनकर में तैयार हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान नजफगढ़ जोन अध्यक्ष सविता शर्मा, दिल्ली नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त बी एस जगलान, नजफगढ़ क्षेत्र के उपायुक्त सुमित कुमार, निर्माण एजेंसी के अधिकारी सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री ने प्रधानाचार्यों और स्कूल के प्रमुखों के साथ किया संवाद

# स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को किया जाए सुदृढ़ः सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। यह निर्देश दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, खेल सुविधाओं, स्वच्छ पेयजल, शौचालयों तथा डिजिटल शिक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार का सीएम श्री स्कूल, सूरजमल विहार में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में जिला पूर्व (ईस्ट) के जोन-1 एवं जोन-2 के प्रधानाचार्यों तथा हेड ऑफ स्कूल्स के साथ विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण, विद्यार्थियों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, सुरक्षा तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने ज़ोन 1 एवं 2 के हेड ऑफ स्कूल्स के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आईएनए से कड़कड़डूमा कोर्ट तक दिल्ली मेट्रो से यात्रा की। इसके पश्चात मंत्री सूद मेट्रो स्टेशन से सीएम श्री स्कूल, सूरजमल विहार तक ई-रिक्शा से पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल स्तर पर आने वाली चुनौतियों को सीधे समझना, शिक्षकों एवं स्कूल प्रशासन के सुझाव प्राप्त करना तथा सरकारी विद्यालयों को आधुनिक, सशक्त और विद्यार्थियों के लिए अधिक अनुकूल बनाना है। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों एवं विद्यालय प्रमुखों से कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल बेहतर परिणाम देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। उन्होंने स्कूलों में अनुशासन, नियमित उपस्थिति, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया।



मंत्री सूद ने कहा कि शिक्षकों, विद्यालय प्रशासन और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास से ही विद्यार्थियों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय प्रमुखों से छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने की अपील भी की। शिक्षा मंत्री ने जोन-1 और जोन-2 के बोर्ड परिणामों में उल्लेखनीय सुधार के लिए शिक्षकों और स्कूल प्रमुखों की सराहना की। शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। वर्ष 2024-25 में जहां परीक्षा परिणाम 94.57 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 98.53 प्रतिशत हो गया, जो 3.96 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसी प्रकार, ज़ोन-2 का परीक्षा परिणाम वर्ष 2024-25 में 89.30 प्रतिशत था, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 96.54 प्रतिशत हो गया। यह 7.24 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। इसके अलावा, जोन-1 में कक्षा 10वीं के 100 प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों की संख्या वर्ष 2024-25 में 3 थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 11 हो गई। वहीं, ज़ोन-2 में 100 प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों की संख्या वर्ष 2024-25 में 3 थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18 हो गई।

### डीटीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए बदला रूट संख्या 227 ए व 833 ए का मार्ग

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने यात्रियों की सुविधा के लिए रूट संख्या 227 ए व 833 ए के परिचालन मार्ग में कुछ बदलाव किया है। जिसके तहत डीडीसी ने नया रूट परिवर्तन लागू कर दिया है। डीटीसी के जनसंपर्क प्रबंधक राकेश कुमार के अनुसार रूट संख्या 728 ए व 833 ए का वाया विस्तार करते हुए गोयला डेयरी ,नेहरू बस स्टैंड से आगे वाया सेंट थॉमस स्कूल, ताजपुर मोड़, गोयला गांव सरकारी स्कूल बस स्टॉप होते हुए श्याम विहार फेस वन दीनपुर तक किया गया है। राकेश कुमार के अनुसार इस विस्तार रूट के परिणाम स्वरूप इन रूटों में दोनों दिशाओं में गोयला गांव सरकारी स्कूल, श्याम विहार फेस वन दीनपुर क नाम से दो नए अतिरिक्त फेयर स्टेज बनाए गए है। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों को और अधिक लाभ मिलेगा। डीटीसी यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए हर संभव प्रयासरत है। क्योंकि दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन यात्रा के रूप में डीटीसी लाखों लोगों को रोजाना आवागमन कराती है।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।

लाइफStyle



# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही है। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

हॉलीवुड मसाला



# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन

**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

टीवी मसाला




# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया



था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं। वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।



# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।

### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

## लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग



**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।

## *बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित*

***मुंबई।*** *कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

## एचईपीबी बैठक में बड़े निवेश को मंजूरी

# सैनीड्रोन, बैटरी और ऑटो सेक्टर में बढ़ेंगे रोजगार : नायब सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन बोर्ड (एचईपीबी) की 19वीं बैठक सोमवार को देर सांय चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश में औद्योगिक निवेश, विनिर्माण क्षमता तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को विशेष प्रोत्साहन पैकेज एवं अन्य राहत प्रदान करने संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं से राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश के साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है। परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में कार्यकारी अधिकार प्राप्त समिति (ईईसी) की सिफारिशों के आधार पर एचईपीबी द्वारा अनुमोदित किया गया। बैठक में बीईयूएमईआर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 के अंतर्गत 43.05 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज की स्वीकृति प्रदान की गई। कंपनी झज्जर जिले में अत्याधुनिक इंट्रालॉजिस्टिक्स सिस्टम मैन्युफैक्चरिंग सुविधा स्थापित करेगी, जिससे आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना के साथ हरियाणा के 138 युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी प्रकार, एआईटीएमसी वेंचर्स लिमिटेड को हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 के अंतर्गत 58.51 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज की स्वीकृति प्रदान की गई। कंपनी हिसार जिले में ड्रोन एवं ड्रोन कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग हब स्थापित करेगी, जिससे रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा तथा हरियाणा के 800 युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में अभ्युदय प्रिंट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 के अंतर्गत 31.68 करोड़ रुपये के विशेष प्रोत्साहन पैकेज की स्वीकृति प्रदान की गई। यह परियोजना उन्नत पैकेजिंग सामग्री निर्माण क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के साथ हरियाणा के 105 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएगी।इसी प्रकार, मार्क एग्जॉस्ट सिस्टम्स लिमिटेड को हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति-2020 के अंतर्गत 39.95 करोड़ रुपये के विशेष

## 5 बहनों ने तोड़ दी सदियों की धारणा

# पिता की अर्थी को कंधा देकर समाज को दिया बड़ा संदेश

एजेंसी ▶▶ वैशाली



संपूर्ण विश्व को लोकतंत्र की राह दिखाने वाले बिहार के वैशाली से एक बार फिर समाज को बड़ा संदेश दिया गया। जिले के नया टोला गांव की पांच बहनों ने मिलकर ऐसा का किया जो मिसाल बन गया।

समाज में अक्सर यह धारणा रही है कि पिता की अर्थी को बेटा ही कंधा देता है लेकिन, वैशाली थाना क्षेत्र के इस गांव में पांच बेटियों ने इस सोच को बदलते हुए अपने पिता को अंतिम विदाई देते हुए एक नई इबारत लिख दी। आंखों में आंसू, कंधे पर पिता की अर्थी, मुंह में राम नाम सत्य है का मंत्र और दिल में धारणाओं से लोहा लेने वाली फौलादी ताकत। बिहार के वैशाली के एक गांव का यह नजारा जिसने भी देखा वह इन बेटियों के हौसले को सलाम करने से नहीं चूका। जानकारी के मुताबिक नया टोला निवासी 79 वर्षीय तारिणी प्रसाद सिंह का निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी ललिता देवी (75) और पांच बेटियां हैं।

बेटा नहीं होने के बावजूद परिवार ने किसी तरह की सामाजिक झिझक नहीं दिखाई। पिता के निधन के बाद उनकी पांचों बेटियां - पूनम सिंह (52), नीलम सिंह (50), माधुरी (42), माला (40) और चांदनी (35) खुद आगे आईं और पिता की अर्थी को कंधा दिया। इलाके में इन बेटियों की जमकर प्रशंसा हो रही है। इस खास दृश्य को देखकर गांव में मौजूद लोग भी भावुक हो गए।

# यमुना नदी में नहाते समय 6 बच्चे डूबे, 3 की मौत

एजेंसी ▶▶ आगरा



जिले में एक दर्दनाक हादसे में 3 बच्चों की मौत हो गई। मंगलवार 12 मई को 6 बच्चे यमुना नदी में नहाने गए थे। इस दौरान सभी अचानक डूबने लगे, बच्चों की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाने का प्रयास शुरू किया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय और पुलिस के गोताखोरों ने 2 बच्चों को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन तीन बच्चों की मौत हो गई। एक बच्चे अभी भी लापता है, जिसकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना आगरा के थाना कमला नगर क्षेत्र के बल्केश्वर घाट की है। 11 मई को अपने रिश्तेदार के यहां जन्मदिन पार्टी में शामिल होने आए 6 बच्चे यमुना नदी में नहाने चले गए। इस दौरान बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने नदी में छलांग लगा दी। दो बच्चों को तत्काल बाहर निकाल लिया गया, जिससे उनकी जान बच गई। सूचना पर तीन थानों की पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे।

## निजी स्कूलों में पारदर्शिता वजवाबदेही सुनिश्चित

मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर सीएम सम्राट चौधरी ने पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि सरकार निजी स्कूलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पहल कर रही है। सरकार की ओर से प्रदेश के निजी स्कूलों में मनमानी रोकने, फीस को नियंत्रित करने और छात्रों व अभिभावकों के हितों की रक्षा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## जैकेट का शेष

### केरलम, राजस्थान व ...

इलाकों से 13 लोगों को अरेस्ट किया। इस मामले के तार केरलम, राजस्थान, महाराष्ट्र तक जुड़ रहे हैं। नासिक पुलिस ने बताया कि नीट पेपर लीक मामले में यहां युवक को हिरासत में लिया गया है। राजस्थान पुलिस की एक टीम यहां पहुंचने वाली है। आरोपी फिलहाल बीएएमएस की पढ़ाई कर रहा है। इसके अलावा, पता चला है कि वह एक मेडिकल काउंसलिंग एजेंसी भी चलाता है।

### 9 साल में 25 ...

तरह बीते 9 सालों में करीब 25 परीक्षाएं रद्द हो चुकी हैं। पेपर लीक होने और अनियमितताओं की वजह से एग्जाम रद्द होने के मामले चर्चा में रहे। वहीं 2024 तक 240 से अधिक एग्जाम कराए, जिनमें 5.4 करोड़ से ज्यादा छात्र शामिल हुए।

## पेज एक का शेष

### भारत की मेजबानी...

बीच मामले को लेकर कोई आमराय नहीं बन पाई है। न ही समूह की ओर से सार्वजनिक रूप से इस संबंध में अपना रुख साफ किया गया है। जिसके पीछे की बड़ी वजह ब्रिक्स में ईरान और यूएई का सदस्य देश के रूप में शामिल होना है। ये दोनों देश इस युद्ध में एक-दूसरे के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। जिसकी वजह से समूह में फिलहाल इस मामले पर एक आम सहमति के साथ कोई बयान जारी नहीं किया गया है। रणधीर जायसवाल ने कहा कि ब्रिक्स देशों के कुछ विदेश मंत्री समूह की इस बैठक में शामिल होंगे। कुछ 12 मई की दोपहर बाद से ही भारत पहुंच रहे हैं। जहां तक बैठक के अंत में संयुक्त घोषणापत्र जारी किया जाएगा या नहीं से जुड़ा सवाल है? तो इसे लेकर जैसे-जैसे चीजें आगे बढ़ेंगी। हम मीडिया से जानकारी साझा करेंगे।

### संघर्षविराम के लिए ...

11 एयरबेस, रणनीतिक ठिकानों, संचार केंद्र को नेस्तनाबूद कर दिया था। जिसके बाद पाकिस्तान का दिमाग पूरी तरह से ठिकाने पर आ गया था और उसने भारत के सामने संघर्षविराम करने की गुहार लगाई। यह समझौता दोनों देशों के बीच 10 मई 2025 की शाम 5 बजे से लागू हुआ था। जो आज भी जारी है। वहीं, भारत आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति का पालन कर रहा है।

### बांग्लादेश संग चाहते...

बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई दिल्ली ने पहले ही इसे लेकर संकेत दे दिया है कि हम बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को सकारात्मक दिशा में लेकर आगे बढ़ रहे हैं। अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले को लेकर उन्होंने कहा, देश में अवैध रूप से रह रहे प्रत्येक विदेशी नागरिक को हर हाल में वापस जाना पड़ेगा। इस प्रक्रिया के तहत 2 हजार 860 से अधिक अवैध बांग्लादेशियों की नागरिकता के सत्यापन के मामले ढाका के समक्ष लंबित हैं। जिन्हें लेकर अभी तक हमें बांग्लादेश की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। भारत को इस मामले को शीघ्र अति शीघ्र सुलझाने के लिए लिए निकट पड़ोसी देश से उम्मीद बनी हुई है। सीमा सुरक्षा का मामला हमारी प्राथमिकता में शुमार है।

**भारत कर रहा क्वाड की अध्यक्षता :** इस वर्ष भारत क्वाड समूह की अध्यक्षता कर रहा है। जिसके तहत देश में कुछ तकनीकी और अन्य उच्च स्तरीय बैठकें हो रही हैं। जैसे ही यह होंगी, इनके संबंध में जानकारी साझा की जाएगी। भारत की तेल की खरीद की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जिसके केंद्र में पहले की तरह हमारे देश के 140 करोड़ नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस मामले में हालांकि भारत का पूरा जोर वैश्विक बाजारों की स्थिति और उनके आकलन पर आधारित रहता है।

### पीएम मोदी की अपील...

क्षमता बेहतर बनेगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन और मेट्रो के अधिक इस्तेमाल की प्रधानमंत्री की अपील देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती देगी। वहीं रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग, विदेशी यात्राओं में कटौती और सोने की खरीद कम करने जैसे कदम विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव घटाने में मदद करेंगे। एसोचैम ने यह भी रेखांकित किया कि भारत हर साल करीब 70 अरब डॉलर का सोना आयात करता है। ऐसे में अत्यधिक सोना खरीदने से बचने की अपील देश की विदेशी मुद्रा जरूरतों को संतुलित करने में सहायक साबित हो सकती है। उद्योग जगत का मानना है कि यदि देशवासी प्रधानमंत्री की इन अपीलों को अपनाते हैं तो इससे भारत की अर्थव्यवस्था अधिक आत्मनिर्भर, मजबूत और वैश्विक अनिश्चितताओं का सामना करने में सक्षम बन सकेगी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने 15...

अमूल्य योगदान को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग पेशेवर करुणा, सेवा और समर्पण की सर्वोच्च मिसाल पेश करते हैं और कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मरीजों की देखभाल केवल पेशा नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी जिम्मेदारी है, जिसे नर्सिंग कर्मी पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ निभाते हैं। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं की कर्तव्यनिष्ठा, सेवा भावना और मरीजों की देखभाल के उच्च मानकों को बनाए रखने के प्रयासों की सराहना की। समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव और अनुप्रिया पटेल सहित स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1973 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई थी। यह सम्मान समाज के प्रति नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों की उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं को मान्यता देने के उद्देश्य से दिया जाता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में यह पुरस्कार देश के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में माना जाता है।

### भोजशाला मंदिर या...

की बात कही गई। सुनवाई के दौरान एएसआई ने भी अपना पक्ष रखा और कहा था कि वर्तमान ढांचा पहले के मंदिरों के हिस्सों से बनाया गया था। उधर, मुस्लिम पक्ष की तरफ से कहा गया कि जमीन का मालिकाना हक तय करने के लिए जो खसरे और ऋण पुस्तिका होती हैं, उसमें भोजशाला का उल्लेख है और जब देश स्वतंत्र हुआ था, तब परिसर में मस्जिद थी और वहां नमाज़ भी होती थी। मुस्लिम पक्ष ने इस केस को सिविल मामला भी बताया है।

### 2027 में चौथी और 2031...

**नई जीडीपी गणना पद्धति से बदली तस्वीर :** भारत के नीचे खिसकने की सबसे बड़ी वजह जीडीपी मापने के तरीके में बदलाव माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2022-23 को आधार वर्ष बनाते हुए नई श्रृंखला लागू की है। इसमें कई नई पद्धतियां अपनाई गईं और ताजा आंकड़ों को शामिल किया गया ताकि अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति का अधिक सटीक आकलन हो सके। फरवरी के अंत में जारी नए जीडीपी आंकड़ों में पाया गया कि पुरानी श्रृंखला भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को लगभग 3 से 4 प्रतिशत तक अधिक दिखा रही थी। उदाहरण के तौर पर, 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी का अनुमान पहले 357 लाख करोड़ रुपये लगाया गया था, जिसे संशोधित कर 345 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि नई गणना पद्धति अधिक पारदर्शी और यथार्थवादी है, लेकिन इससे भारत की डॉलर आधारित अर्थव्यवस्था का आकार अपेक्षाकृत छोटा दिखाई देने लगा।

**रुपये की कमजोरी ने बढ़ाई मुश्किल :** दूसरी बड़ी वजह भारतीय रुपये का अमेरिकी डॉलर के मुकाबले कमजोर होना है। आईएमएफ विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं की तुलना अमेरिकी डॉलर में करता है, इसलिए विनिमय दर का असर सीधे जीडीपी रैंकिंग पर पड़ता है। पिछले एक वर्ष में रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत तक कमजोर हुआ है। डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 96 रुपये के लगभग पहुंच चुकी है। इसकी शुरुआत अमेरिकी टैरिफ नीतियों से हुई और बाद में व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता ने दबाव और बढ़ा दिया। दिलचस्प बात यह है कि इसी दौरान अमेरिकी डॉलर कई प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले कमजोर हुआ, लेकिन भारतीय रुपया अपेक्षाकृत ज्यादा दबाव में रहा। इसका परिणाम यह हुआ कि रुपये में जीडीपी घटने और डॉलर विनिमय दर कमजोर होने का दोहरा असर भारत की नाममात्र जीडीपी पर पड़ा।

**कोविड, युद्ध और वैश्विक संकटों का असर :** अर्थशास्त्रियों का मानना है कि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था लगातार बड़े झटकों से गुज़री है। कोविड महामारी,रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनावों ने वैश्विक व्यापार, ऊर्जा कीमतों और निवेश प्रवाह को प्रभावित किया है। इन परिस्थितियों में भारत ने अपेक्षाकृत बेहतर विकास दर बनाए रखी, लेकिन मुद्रा विनिमय और नई जीडीपी पद्धति के कारण रैंकिंग प्रभावित हुई।


## ☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

### महत्वपूर्ण जानकारी

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि–2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :–

**07658/07659 हजूर साहिब नान्देड–शकूर बस्ती–हजूर साहिब नान्देड ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07658 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07659 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:20 | हजूर साहिब नान्देड | 09:00 | --- |
| 10:15 | --- | शकूर बस्ती | --- | 22:30 |

चलने के दिन : 07658 हजूर साहिब नान्देड से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 07659 शकूर बस्ती से दिनांक 24.05.2026 (रविवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : किनवट, पिंपल खुटी, लिंगटी, वणी, नागपुर, भोपाल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. एवं आगरा छावनी जं. स्टेशन

**04823/04824 जोधपुर जं.–मऊ जं.–जोधपुर जं. मेल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04823 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04824 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:00 | जोधपुर जं. | 08:40 | --- |
| 13:25 | 13:35 | लखनऊ जं. | 11:35 | 11:45 |
| 23:20 | --- | मऊ जं. | --- | 04:00 |

चलने के दिन : 04823 जोधपुर जं. से प्रत्येक रविवार को दिनांक 24.05.2026 से दिनांक 12.07.2026 तक तथा 04824 मऊ जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 26.05.2026 से दिनांक 14.07.2026 तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : पीपाड़ रोड जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., रेन, डेगाना जं., मकराना जं., कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा, जयपुर जं., बांदीकुई जं., मण्डावर महुआ रोड, खेड़ली, नदबई, भरतपुर जं., मथुरा जं., हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ जं., अयोध्या छावनी, अयोध्या धाम जं., शाहगंज जं., खोरासन रोड, आजमगढ़ एवं मुहम्मदाबाद स्टेशन

**04829/04830 जोधपुर जं.–गोरखपुर जं.–जोधपुर जं. मेल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04829 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04830 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:15 | जोधपुर जं. | 05:30 | --- |
| 04:30 | 04:45 | दिल्ली जं. | 14:00 | 14:10 |
| 20:50 | --- | गोरखपुर जं. | --- | 23:25 |

चलने के दिन : 04829 जोधपुर जं. से प्रत्येक वीरवार को दिनांक 21.05.2026 से दिनांक 09.07.2026 तक तथा 04830 गोरखपुर जं. से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 22.05.2026 से दिनांक 10.07.2026 तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : मेड़ता रोड जं., डेगाना जं., छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ जं., चुरू, सादुलपुर जं., लोहारु, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी जं., गुड़गांव, दिल्ली छावनी, दिल्ली जं., गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), लखनऊ जं., अयोध्या छावनी, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन

**09117/09118 बान्द्रा (ट.)–शकूर बस्ती–बान्द्रा (ट.) ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09117 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09118 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:30 | बान्द्रा (ट.) | 06:00 | --- |
| 15:05 | --- | शकूर बस्ती | --- | 00:30 |

चलने के दिन : 09117 बान्द्रा (ट.) से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 09118 शकूर बस्ती से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बोईसर, दहाणू रोड, सूरत, वडोदरा जं., दाहोद, रतलाम जं. एवं कोटा जं. स्टेशन

**09121/09122 उधना जं.–हज़रत निज़ामुद्दीन–उधना जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09121 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 09122 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | उधना जं. | 00:45 | --- |
| 00:15 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 21:20 |

चलने के दिन : 09121 उधना जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 09122 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 24.05.2026 (रविवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : नवापुर, चिंचपाडा, नंदुरबार, भुसावल जं., इटारसी जं., भोपाल जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. एवं आगरा छावनी स्टेशन

**04227/04228 वाराणसी जं.–चण्डीगढ़ जं.–वाराणसी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04227 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04228 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 11:05 | वाराणसी जं. | 00:55 | --- |
| 04:20 | --- | चण्डीगढ़ जं. | --- | 06:00 |

चलने के दिन : 04227 वाराणसी जं. से प्रत्येक वीरवार एवं रविवार को दिनांक 14.05.2026 से दिनांक 12.07.2026 तक तथा 04228 चण्डीगढ़ जं. से प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को दिनांक 15.05.2026 से दिनांक 13.07.2026 तक।
स्थान : 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.।
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर एवं अम्बाला छावनी जं. स्टेशन।

**07662/07663 काजीपेट जं.–हज़रत निज़ामुद्दीन–काजीपेट जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07662 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07663 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:10 | काजीपेट जं. | 11:00 | --- |
| 23:40 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 03:40 |

चलने के दिन : 07662 काजीपेट जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 07663 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर, भेपाल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. एवं आगरा छावनी स्टेशन

**07664/07665 विजयवाड़ा जं.–फरीदाबाद–विजयवाड़ा जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07664 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07665 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 05:10 | विजयवाड़ा जं. | 13:00 | --- |
| 14:50 | --- | फरीदाबाद | --- | 01:10 |

चलने के दिन : 07664 विजयवाड़ा जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 07665 फरीदाबाद से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : डोर्नकल जं., महबुबाबाद, वरंगल, बल्हारशाह, नागपुर, भोपाल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. एवं आगरा छावनी स्टेशन।

**05579/05580 पूर्णिया कोर्ट–आनन्द विहार ट.–पूर्णिया कोर्ट विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 34 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05579 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05580 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:00 | पूर्णिया कोर्ट | 11:30 | --- |
| 01:05 | --- | आनन्द विहार ट. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 05579 पूर्णिया कोर्ट से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 12.07.2026 तक (22.05.2026 को छोड़कर) तथा 05580 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को दिनांक 14.07.2026 तक (24.05.2026 को छोड़कर)।
स्थान : 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बानमनखी जं., मुरलीगंज, दौरम मधेपुरा, सहरसा जं., गढ़ बरुआरी, सुपौल, न्यू झाझा जं., निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद जं., हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**05575/05576 सहरसा जं.–आनन्द विहार ट.–सहरसा जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05575 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05576 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:00 | सहरसा जं. | 09:05 | --- |
| 01:05 | --- | आनन्द विहार ट. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 05575 सहरसा जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 14.07.2026 तक तथा 05576 आनन्द विहार ट. से प्रत्येक वीरवार को दिनांक 16.07.2026 तक।
स्थान : 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गढ़ बरुआरी, सुपौल, न्यू झाझा जं., निर्मली, घोघरडीहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद जं., हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद जं. स्टेशन

**04811/04812 बाड़मेर–हरिद्वार जं.–बाड़मेर विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 38 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04811 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04812 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:15 | बाड़मेर | 07:30 | --- |
| 04:10 | --- | हरिद्वार जं. | --- | 05:15 |

चलने के दिन : 04811 बाड़मेर से प्रत्येक सोमवार एवं वीरवार को दिनांक 16.07.2026 तक तथा 04812 हरिद्वार जं. से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 17.07.2026 तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बायतु, बालोतरा, समदड़ी जं., दुंदाड़ा, लूनी जं., जोधपुर जं., गोटन, मेड़ता रोड जं., नागौर, नोखा, बीकानेर जं., लालगढ़ जं., लूनकरनसर, अरजनसर, राजियासर, सूरतगढ़, पीली बंगा, हनुमानगढ़ जं., संगरिया, मंडी डबवाली, बठिण्डा जं., धुरी जं., अम्बाला छावनी जं. एवं सहारनपुर स्टेशन

**05758/05757 न्यू जलपाईगुड़ी जं.–नई दिल्ली–न्यू जलपाईगुड़ी जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05758 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05757 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:10 | न्यू जलपाईगुड़ी जं. | 08:30 | --- |
| 03:00 | --- | नई दिल्ली | --- | 01:15 |

चलने के दिन : 05758 न्यू जलपाईगुड़ी जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 05757 नई दिल्ली से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : किशनगंज, कटिहार जं., खगड़िया जं., बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., गोमती नगर और कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

**05760/05759 न्यू जलपाईगुड़ी जं.–आनन्द विहार ट.–न्यू जलपाईगुड़ी जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05760 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05759 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:15 | न्यू जलपाईगुड़ी जं. | 07:15 | --- |
| 00:20 | --- | आनन्द विहार ट. | --- | 02:40 |

चलने के दिन : 05760 न्यू जलपाईगुड़ी जं. से दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार) को तथा 05759 आनन्द विहार ट. से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : नक्सलबाड़ी, अलुआबाड़ी रोड जं., डालखोला, बारसोई जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05664/05663 अगरतला–आनन्द विहार ट.–अगरतला ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05664 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05663 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:00 | अगरतला | 08:00 | --- |
| 00:30 | --- | आनन्द विहार ट. | --- | 03:00 |

चलने के दिन : 05664 अगरतला से दिनांक 20.05.2026 (बुधवार) को तथा 05663 आनन्द विहार ट. से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : तेलियामुरा, आमबासा, कुमारघाट, धर्मनगर, बदरपुर जं., गुवाहाटी, न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05666/05665 शिलचर–दिल्ली जं.–शिलचर ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05666 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05665 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 20:30 | शिलचर | 04:45 | --- |
| 00:50 | --- | दिल्ली जं. | --- | 02:45 |

चलने के दिन : 05666 शिलचर से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 05665 दिल्ली जं. से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बदरपुर जं., न्यू हाफलंग, माईबांग, पाथरखोला, होजाई, जागी रोड, गुवाहाटी, न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05924/05923 न्यू तिनसुकिया जं.–नई दिल्ली–न्यू तिनसुकिया जं. ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05924 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05923 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:00 | न्यू तिनसुकिया जं. | 04:00 | --- |
| 20:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 02:50 |

चलने के दिन : 05924 न्यू तिनसुकिया जं. से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 05923 नई दिल्ली से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : शिमलगुड़ी जं.. मरियानी जं., फरकाटिंग जं., बोकाजान, डिमापुर, दिफू, लामडिंग जं., गुवाहाटी, न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05926/05925 डिब्रुगढ़–नई दिल्ली–डिब्रुगढ़ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05926 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05925 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:00 | डिब्रुगढ़ | 00:15 | --- |
| 01:40 | --- | नई दिल्ली | --- | 03:10 |

चलने के दिन : 05926 डिब्रुगढ़ से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 05925 नई दिल्ली से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : श्रीपानी, उत्तर लखिमपुर, हारमती जं., रंगापाड़ा नार्थ जं., रंगिया जं., न्यू कोच बिहार, न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05832/05831 नाहरलगुन–नई दिल्ली–नाहरलगुन ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05832 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05831 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:15 | नाहरलगुन | 22:15 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 03:50 |

चलने के दिन : 05832 नाहरलगुन से दिनांक 21.05.2026 (वीरवार) को तथा 05831 नई दिल्ली से दिनांक 25.05.2026 (सोमवार) को।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : हारमती जं., बिश्वनाथ चारआली, रंगापाड़ा नार्थ जं., ढेकियाजुली रोड, उदालगुड़ी, न्यू बंगाईगाँव जं., गोसाईगाँव हाट, न्यू कोच बिहार जं., न्यू जलपाईगुड़ी जं., कटिहार जं., बरौनी जं., पाटलिपुत्र जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# नीट परीक्षा की शुचिता पर फिर उठे सवाल

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रद्द होना केवल एक परीक्षा का स्थगन नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की शुचिता पर उठा बड़ा सवाल है। हरियाणा के गुरुग्राम, बिहार के नालंदा और राजस्थान के सीकर से सामने आए तथ्यों ने पूरे देश को चौंका दिया। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से अधिक प्रश्न हाथ से लिखे गए एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' में मिले, जिनमें से करीब 150 सवाल हूबहू नीट परीक्षा में पूछे गए। यह कोई संयोग नहीं हो सकता। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि किसी कोचिंग सामग्री या संभावित प्रश्न बैंक से कुछ प्रश्न मिल जाना सामान्य बात हो सकती है, लेकिन 720 में से लगभग 600 अंकों के प्रश्न एक ही स्रोत से आ जाना सीधे-सीधे संगठित फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली परीक्षा में यह सेंध लगी कैसे? एनटीए वर्षों से दावा करता रहा है कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन, जीपीएस ट्रैकिंग, एआई-आधारित मॉनिटरिंग और 5जी जैमर जैसी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन जब परीक्षा से पहले ही कथित प्रश्नपत्र व्हाट्सएप ग्रुपों में घूमने लगें, तो यह तकनीकी दावों की पोल खोल देता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खतरा परीक्षा केंद्रों पर बैठा छात्र नहीं, बल्कि वह "घर का भेदी" है जो प्रिंटिंग प्रेस, डेटा सिस्टम या एजेंसी के भीतर बैठकर पूरी व्यवस्था को बेच रहा है। नीट परीक्षा का रद्द होना लाखों छात्रों के लिए मानसिक आघात है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने दो-दो साल तक कोचिंग में दिन-रात मेहनत की, जिन्होंने परिवार की आर्थिक सीमाओं के बावजूद सपनों को जिंदा रखा, आज वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। परीक्षा रद्द होने का अर्थ केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता; इसका मतलब है तनाव, अवसाद, आर्थिक बोझ और भविष्य की अनिश्चितता। ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह पीड़ा और भी बड़ी है, क्योंकि उनके लिए हर अतिरिक्त महीना आर्थिक दबाव लेकर आता है। यह भी सच है कि इस पूरे भ्रष्ट तंत्र को केवल परीक्षा एजेंसी की कमजोरी ने जन्म नहीं दिया। निजी मेडिकल कॉलेजों की करोड़ों की फीस, कोचिंग उद्योग का अरबों का कारोबार और सरकारी सीटों की सीमित संख्या ने एक ऐसा बाजार खड़ा कर दिया है, जहां सफलता को मेहनत से ज्यादा "मैनेजमेंट" से जोड़कर देखा जाने लगा है। जब एक मेडिकल सीट की कीमत करोड़ों में पहुंच जाती है, तब पेपर लीक माफिया के लिए यह सबसे लाभकारी धंधा बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती और प्रवेश परीक्षा पर सवाल उठे हैं। कभी एसएससी, कभी रेलवे भर्ती, कभी शिक्षक पात्रता परीक्षा और अब नीट। हर बार जांच समितियां बनती हैं, कुछ गिरफ्तारी होती हैं, लेकिन सिस्टम जस का तस बना रहता है। यदि सरकार वास्तव में परीक्षा माफिया को खत्म करना चाहती है, तो उसे केवल निचले स्तर के दलालों को पकड़ने से आगे बढ़ना होगा। उन अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों और संस्थागत नेटवर्क तक पहुंचना होगा जो इस पूरे खेल को संरक्षण देते हैं। अब समय केवल बयानबाजी का नहीं, कठोर सुधारों का है। परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह विकेंद्रीकृत और पारदर्शी बनाना होगा। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर प्रिंटिंग और वितरण तक हर चरण की स्वतंत्र ऑडिटिंग होनी चाहिए। संवेदनशील जिम्मेदारियों में शामिल कर्मचारियों की जवाबदेही तय हो और दोष सिद्ध होने पर कठोर सजा मिले। साथ ही, परीक्षा प्रणाली को तकनीक पर निर्भर बनाने के साथ-साथ मानव निगरानी और नैतिक जवाबदेही भी मजबूत करनी होगी।



**मंथन**
मनोज कुमार अग्रवाल

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है, लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है, जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी ने आमजन से यह सात सूत्रीय अपील की है। जो देश को ऊर्जा संकट से बचा सकती है।

# नाजुक वक्त में काबिले गौर है पीएम की सलाह

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हैदराबाद के संबोधन में देशवासियों को ऊर्जा संकट के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा संयमित उपयोग कर कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया है। पीएम की इस 7 सूत्री अपील में न सिर्फ आम जन के बीच संकट की हालत में मनोबल और विश्वास बने रहने की प्रेरणा है साथ ही संकट से निपटने का मूलमंत्र भी है। सरकार वैश्विक संकट के इस दौर में नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच बनकर डटी रही आयातित तेल पर भारी दाम वृद्धि को सरकार ने 24 से 30 रुपये प्रति लीटर भार वहन किया है पैट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये से घटित कर तीन रुपये लीटर कर दिया, जबकि डीजल पर उत्पाद शुल्क खत्म कर दिया है। आपको पता है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है। जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है पूर्व तक यह अनुमान था कि होरमुज मार्ग का विवाद जल्द सुलझ जाएगा और स्थिति पूर्ववत सामान्य हो जाएगी लेकिन अब ऐसा नहीं है।

आपको बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण संकीर्ण मार्ग है, जिससे भारत अपनी 90 फ़ीसदी से अधिक एलपीजी और लगभग 40 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। ऐसी विषम परिस्थितियों में, जब दुनिया भर में ईंधन की भारी कमी और कीमतों में आग लगने का अंदेशा था, भारत सरकार ने दूरदर्शिता, कूटनीतिक कुशलता और त्वरित रणनीतिक निर्णयों से देश में ऊर्जा की सुव्यवस्था बनाए रखी बल्कि आम जनता पर बढ़ी कीमतों का भार भी नहीं बढने दिया। संकट का संकेत मिलते ही भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को क्रियान्वित करते हुए न केवल वैकल्पिक स्रोत तलाशे बल्कि घरेलू संसाधनों को भी मजबूत किया। भारत सरकार के कुशल प्रबंधन और कूटनीतिक संबंधों की बदौलत देश ने उस समय भी डीजल पेट्रोल और एलपीजी की कोई दिक्कत नहीं होने दी जब की देशों में बेहद परेशानी और किल्लत खड़ी हो गई थी स्पेन मिस्र श्रीलंका दक्षिण कोरिया फिलीपींस जापान पाकिस्तान बांग्लादेश आदि में वहां की सरकारों ने ईंधन राशनिंग, वर्क फ्रॉम होम, फ्यूल पास, स्कूल बंद जैसे अनेक प्रतिबंध भरे कदम उठाए लेकिन भारत सरकार की सूझ-बूझ और प्लानिंग के चलते ईंधन राशनिंग नहीं हुई, स्कूल बसों, वाहनों व परिवहन यातायात की गाड़ियों को मांग के अनुरूप फ्यूल मिलते रहने से कोई स्कूल बंदी नहीं हुई और न ही कोई दफ्तर बन्द करने पड़े। तमाम दफ्तर सामान्य तौर पर कार्यरत रहे जिससे कोई वर्क-फ्रॉम-होम निर्देश पारित करने की नौबत नहीं आने पाई। देश भर में खुदरा ईंधन की स्थिर आपूर्ति बनाए रखी गई। यह सब त्वरित सरकारी हस्तक्षेप से संभव हो पाया है। एलपीजी और घरेलू आपूर्ति संरक्षण व्यवधान के 8 दिनों के भीतर सरकार ने एलपीजी नियंत्रण आदेश जारी किया रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया गया। घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000



टन प्रति दिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया जो लगभग 50 फीसद की वृद्धि है। 9 दिनों के भीतर प्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश जारी किया गया। पीएनजी घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी सार्वजनिक परिवहन को 100 फीसदी आवंटन के साथ संरक्षित किया गया। सरकार द्वारा सार्वजनिक आपूर्ति बनाए रखने के लिए औद्योगिक आवंटन को भी सुचारू और युक्तिसंगत बनाए रखा। भारत सरकार द्वारा रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, पश्चिम बंगाल, अफ्रीका, अटलांटिक बेसिन से त्वरित संपर्क स्थापित कर ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था की गई। भारत में एलपीजी की मांग लगभग 90,000 टन की प्रतिदिन की है जिसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल के माध्यम से 70 से 75000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। भारत में घरेलू उत्पादन बढ़कर 54000 टन प्रतिदिन होने से शेष आयात की आवश्यकता घटकर 20,000 टन प्रतिदिन की रह गई है। सरकार द्वारा आठ लाख टन कार्गो पहले ही सुरिक्षत किए जा चुके हैं, जिससे आज हमारे पास चालीस दिनों का अग्रिम भंडार उपलब्ध है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना था। इस कठिन समय में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा की गई पहल के तहत, सरकार ने पनामा नहर जैसे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करते हुए अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम अफ्रीका से तेल और गैस आयात के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए। इसके साथ ही, सरकार ने देश के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का बुद्धिमानी से उपयोग किया, जो भारत को अल्पावधि के लिए वैश्विक आपूर्ति झटकों से बचाते हैं। सरकार के इस कदम ने न केवल बाजार को स्थिरता प्रदान की, बल्कि ईंधन की कीमतों में अत्यधिक उछाल को रोकने में भी मदद की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने पश्चिम एशियाई देशों, विशेषकर सऊदी अरब, यूएई और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखा इस के चलते होर्मुज संकट के बावजूद भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बनी रहे। भारत की कूटनीतिक सक्रियता का ही परिणाम था कि ईरान ने सशर्त रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने पर सहमति व्यक्त की, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में पूरी तरह से ठहराव की स्थिति टल गई। संकट काल में सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के मोर्चे पर भी बड़ी सफलता हासिल की। भारत ने 2030 के लक्ष्य से पहले ही, 2026 में अपनी गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम कर ऊर्जा सुरक्षा को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करता है। सरकार को देश की प्रगति यानी जीडीपी की रफ्तार की गति बनाये रखने के लिए किसी दीर्घकालिक रणनीति के अवलम्बन की आवश्यकता होगी हाल ही मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा विदेशी मुद्रा और आर्थिक संकट से निपटने के लिए देशवासियों से कई महत्वपूर्ण अपीलें कीं। मौजूदा संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने मुख्य सुझाव दिया है। पीएम ने नागरिकों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और सार्वजनिक परिवहन मैट्रो सिटी बस या इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक उपयोग करने को कहा।विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए, पीएम ने देशवासियों से कम से कम एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की।उन्होंने कोरोनकाल की तरह ही 'वर्क फ्रॉम होम' की व्यवस्था फिर से अपनाने को कहा, ताकि यात्रा कम हो और ईंधन बचे। यह न सिर्फ जरूरी है वरन देश के हर नागरिक को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संकट से निपटने का संकल्प भी पैदा करने का प्रयास है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**नीट परीक्षा**
बाल मुकुन्द ओझा



# सपने व हौसले तोड़ रहीं पेपर लीक की घटनाएं

देशभर में परीक्षाओं में पेपर लीक के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेपर लीक किसी राज्य विशेष का मामला नहीं है, अपितु यह देश की युवा आबादी के भविष्य से जुड़ा ज्वलंत विषय है। आज प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं में शुचिता बनाए रखना किसी कठिनतम चुनौती से कम नहीं है। सरकारी नौकरी पाने का सपना हर शिक्षित युवा देखता है। इसके लिए वह सालों तक कड़ी मेहनत और रात दिन पढ़ाई करके परीक्षा में इस उम्मीद और विश्वास से बैठता है कि उसे सफल होना है, लेकिन पेपर लीक की घटनाएं ऐसे अभ्यर्थियों का सपना और हौसला तोड़ देती हैं। पेपर लीक के कारण आयोग्य उम्मीदवार बाजी मार कर शासनतंत्र का हिस्सा बन जाता है। भर्ती परीक्षाओं में सरकारी लापरवाही का खामियाजा बेरोजगारों को वर्षों से भुगतना पड़ रहा है। ताज़ा प्रकरण नीट यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को रद्द कर दिया है। केंद्र सरकार ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। 22 लाख से अधिक कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया था। राजस्थान के सीकर से नीट यूजी 2026 पेपर लीक का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि इस गेस पेपर के कई सवाल असली परीक्षा से मिल रहे थे। बताया जा रहा है कि 720 नंबर की परीक्षा में करीब 600 नंबर के सवाल पहले से छात्रों तक पहुंच गए थे। यह कथित क्वेश्चन बैंक एक एमबीबीएस छात्र ने अपने दोस्त को भेजा था, जिसके बाद यह अलग-अलग लोगों तक फैल गया। राजस्थान एसओजी ने इस मामले में एक्शन लेते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इससे पूर्व साल 2021 की सब-इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा को राजस्थान हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने माना कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर धांधली और सिस्टमेटिक पेपर लीक हुआ था। मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग यानी आरपीएससी के एक सदस्य की गिरफ्तारी भी हुई थी। अब ये परीक्षा दोबारा करवाई जा रही है। इसी बीच नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में भारी हंगामा मच गया है। परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया है। प्रदर्शन और आंदोलन भी शुरू हो गया है। नेताओं ने बयान बाज़ी शुरू कर दी है। अच्छे भविष्य के लिए लाखों युवाओं के लिए सरकारी नौकरियां किसी सपने से कम नहीं होती। सालों की मेहनत करने के बाद मिलने वाला एक मौका उनकी जिंदगी बदल सकता है। लेकिन क्या हो जब उनकी मेहनत पर पेपर लीक का दाग लग जाए? पेपर लीक की इस महामारी में सरकारी कर्मचारी शिक्षक अपराधी माफिया, कोचिंग सेंटर, आदि शामिल हैं। विभिन्न प्रदेशों में दर्जनों संगठित गिरोह सक्रीय है जिन्होंने पेपर लीक का ठेका ले रखा है। इन गैंगों ने मोटी राशि वसूलकर पेपर बेचने का आपराधिक कार्य किया। अनेक सरगना और और परीक्षार्थी पुलिस की पकड़ में है जिनसे गहरी पूछताछ की जा रही है। पेपर लीक की समस्या से जूझ रहे कई राज्यों में से राजस्थान भी एक है। राजस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक होने का सिलसिला कई सालों से चल रहा है। पिछले कांग्रेस शासनकाल में यह कार्य धड़ल्ले से चला। पेपर लीक प्रदेश के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। इससे न सिर्फ भविष्य निर्माण के कीमती वर्ष बर्बाद हो रहे हैं बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है। प्रदेश में पेपर लीक होने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिस वजह से एग्जाम को रद्द करना पड़ता है और ऐसे छात्रों के भविष्य पर भी असर पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पूर्व आरएस भर्ती 2013 में प्री-एग्जाम का रिजल्ट आने के बाद पता चला कि पेपर पहले ही बाहर था, जिसकी वजह से पूरी परीक्षा रद्द हुई। कांस्टेबल भर्ती 2018 और 2022 दोनों ही बार पुलिस की अपनी ही परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। जेईएन सिविल भर्ती 2020 में पेपर लीक का मामला इतना बढ़ा कि बोर्ड के अध्यक्ष को अपने पद से इस्तीफा तक देना पड़ गया था। लाइब्रेरियन भर्ती 2018 में नकल गिरोह के तार शेखावाटी तक फैले मिले और परीक्षा को बीच में ही निरस्त करना पड़ा। एलडीसी भर्ती 2013 में पेपर आउट होने की वजह से जो भर्ती चंद महीनों में होनी थी, उसे पूरा होने में 3 साल लग गए। आरपीएमटी 2014 में सवालों में भारी गड़बड़ी और लीक के आरोपों के बाद इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम को भी रद्द करना पड़ा था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
**दर्शन**

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दो अनमोल हीरे



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पश्चिम बंगाल में हिंसा क्यों

हाल ही में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव परिणाम आया है, और इसके बाद यहां हिंसा का सिलसिला शुरू हो गया। चुनाव के बाद यहां हिंसा का सिलसिला पुराना है, वर्ष 2011, 18, 19, 21 और अब 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भी ऐसा हो रहा है। इस हिंसा का कारण कहीं हारे हुए राजनीतिक दलों का बौखलाना तो नहीं? अगर ऐसा है तो यह सरासर गलत है और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला है। लेकिन सवाल तो यह है कि इतनी सुरक्षा के बाद भी यहां हिंसा क्यों हो रही है? यहां से समय-समय पर हिंसा की ऐसी खबरें सुर्खियों में आती हैं जो लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करती हैं, साथ ही वहां की कानून व्यवस्था की भी पोल खोलती हैं। इस हिंसा पर त्वरित रूप से रोक लगनी चाहिए। *- प्रवीण अग्रवाल, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### अब कैमरून करेंगे 'फेमा' का नेतृत्व

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कैमरून हैमिल्टन को संघीय आपात प्रबंधन एजेंसी (फेमा) का नेतृत्व करने के लिए नामित किया। पूर्व नौसेना सील हैमिल्टन की यह एक आश्चर्यजनक वापसी है। उन्हें पिछले साल फेमा के अस्तित्व का बचाव करने के बाद इसके कार्यवाहक प्रमुख के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्हें नामित करने के साथ ही ट्रंप प्रशासन ने फेमा को भंग करने के अपने वादों से पीछे हटने के संकेत देना शुरू कर दिया है। फेमा एक ऐसी एजेंसी है जिसकी राष्ट्रपति द्वारा कड़ी आलोचना की गई है।



हैमिल्टन ने तर्क दिया था कि फेमा को समाप्त करना देश के हित में नहीं है और अब उन्हें नामित किया जाना इस बदलाव के नवीनतम संकेत हैं। हैमिल्टन की नियुक्ति हो जाने के बाद वह ट्रंप और आपात प्रबंधन पर गृह सुरक्षा सचिव मार्कवेन मुलिन के मुख्य सलाहकार होंगे तथा ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में फेमा के पहले स्थायी प्रशासक होंगे। ट्रंप ने सोमवार को ही डेविड कमिंस को परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) का प्रमुख नामित किया। कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के कारण टीएसए को पिछले कुछ महीनों से उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है और देश भर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा कतारें लंबी होती जा रही हैं।

## ऑफ बीट

### 'डिजिटल डिटॉक्स' क्या है, क्या इससे सेहत बेहतर हो सकती है

क्या आप हर समय स्क्रीन देखते रहते हैं? आज के समय में ईमेल भेजने से लेकर खाना ऑर्डर करने तक, लगभग हर काम के लिए लोग तकनीक पर निर्भर हैं। लेकिन लगातार ऑनलाइन जुड़े रहना शारीरिक और मानसिक थकान का कारण बन सकता है।



इसी वजह से कुछ लोग डिजिटल डिटॉक्स अपना रहे हैं। इसका मतलब है एक निश्चित अवधि तक मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाना। यह अवधारणा ऑनलाइन तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसके समर्थक एनालॉग लाइफस्टाइल के स्वास्थ्य लाभों का प्रचार कर रहे हैं। कुछ लोग बेहतर स्वास्थ्य और खुशी पाने के उद्देश्य से महंगे डिजिटल रिट्रीट कार्यक्रमों में भी हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि सवाल यह है कि क्या 'डिजिटल डिटॉक्स' वास्तव में असरदार है या सेहत की बात करने वाला एक और चलन भर है। इसी तरह डिजिटल डिटॉक्स का उद्देश्य तकनीक से कुछ समय के लिए दूरी बनाना, कम व्यवधानों के साथ जीवन का अनुभव करना और ऑफलाइन रिश्तों को मजबूत करना है। ऑस्ट्रेलिया में युवा औसतन रोजाना नौ घंटे स्क्रीन देखते हैं। शोध बताते हैं कि वयस्क भी इससे बहुत पीछे नहीं हैं। 45 से 64 वर्ष आयु वर्ग के ऑस्ट्रेलियाई प्रतिदिन करीब छह घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं।

## ट्रेंड

### हिमंत व मंत्रियों को शुभकामनाएं



मैं असम के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर हिमंत विश्व सरमा को और मंत्रियों के रूप में शपथ ग्रहण करने पर रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नियोग को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार असम के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेगी।
**-जेपी नड्डा**, केंद्रीय मंत्री

### युवाओं के सपने कुचले



नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज़्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग व सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला-पेपर लीक, सरकारी लापरवाही व शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। **-राहुल गांधी**, कांग्रेस सांसद

### विश्वास पर बड़ा आघात



जब परीक्षाओं की शुचिता से समझौता होता है, तो यह केवल एक चूक नहीं, बल्कि उन लाखों अभ्यर्थियों के साथ विश्वासघात है जिन्होंने अनुशासन के साथ पढ़ाई की, सुख-सुविधाओं का त्याग किया और तैयारी के लिए रातों की नींद गंवाई।
**-नवीन पटनायक**, नेता प्रतिपक्ष, ओडिशा

### निजी स्कूल मनमानी न करें



निजी स्कूलों को फीस संरचना का पूरा विवरण सार्वजनिक करना होगा। फीस और अन्य शुल्कों में मनमानी तथा अनुचित वृद्धि पर पूरी तरह रोक रहेगी। अभिभावकों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वर्दी और किताब किसी भी दुकान से खरीद सकेंगे।
**-सम्राट चौधरी**, सीएम बिहार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

नीट परीक्षा रद्द होते ही फूटा छात्रों का गुस्सा

# लगातार पेपर लीक की घटनाओं ने हमारी मेहनत और भरोसे को तोड़ दिया

एजेंसी ▶▶ जयपुर/ नई दिल्ली

नीट यूजी परीक्षा 2026 रद्द होने के बाद छात्रों में निराशा, गुस्सा और भविष्य को लेकर चिंता साफ दिखाई दे रही है। कई छात्रों ने कहा कि लगातार पेपर लीक की घटनाओं ने उनकी मेहनत और भरोसे को तोड़ दिया है। जयपुर में नीट की तैयारी करने वाले छात्र अमित मीणा ने बताया कि इस साल उन्होंने नीट की परीक्षा दी थी। वह एसटी कैटेगरी से आते हैं और उन्हें उम्मीद थी कि इस बार उनके 500 से ज्यादा नंबर आ सकते थे। अमित ने कहा कि वह पिछले दो साल से तैयारी कर रहे हैं। उनके पिता किसान हैं और खेती करके ही उन्होंने उनकी पढ़ाई का खर्च उठाया है। परीक्षा रद्द होने से उन्हें बड़ा झटका लगा है। इसी तरह झारखंडए जम्मू कश्मीर के भी छात्रों के बयान आ रहे हैं। निराशा साफ दिखाई दे रही थी।




राजस्थान में प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं

देशभर में प्रदर्शन



दिल्ली में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन-नारेबाजी

## हर साल पेपर लीक से भविष्य बर्बाद

जयपुर में रहने वाली एक छात्रा ने कहा कि पेपर लीक होने की वजह से मेहनती छात्रों का चयन प्रभावित हो रहा है। उसने बताया कि 2024 में पेपर लीक हुआ, 2025 में पेपर बहुत कठिन था और इस बार फिर से पेपर लीक का मामला सामने आ गया। छात्रा ने कहा कि उसके माता-पिता बहुत मेहनत करके पैसे जुटाते हैं और एक फैसले से पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है।

### एनटीए की व्यवस्था पर छात्रों ने उठाए सवाल

कोटा में पढ़ाई कर रही छात्रा ओजस्वनी विजय ने कहा कि यह बहुत बड़े स्तर की समस्या है, इसलिए इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। अगर एनटीए दोबारा परीक्षा कराता है तो उसे यह गारंटी देनी चाहिए कि इस बार किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी। कोटा में रहकर पढ़ाई करने वाले एक छात्र ने कहा कि 2 महीने के भीतर फिर से परीक्षा की तैयारी करना बेहद मुश्किल है। छात्र ने बताया कि वे परीक्षा देकर रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब दोबारा परीक्षा देने का दबाव बढ़ गया है।

## दिल्ली में भी छात्रों का जबरदस्त प्रदर्शन

### एनएसयूआई ने की मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग

देशभर में आयोजित की गई मेडिकल की नीट परीक्षा के पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोपों के बीच इस एग्जाम को रद्द कर दिया गया है। एनटीए के इस फैसले के बाद अब नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। नीट यूजी पेपर लीक मामले में सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सरकार की लापरवाही से टूटा पढ़ाई से मन, पैसा खर्च और परिणाम नहीं मिला

अलवर की छात्रा साक्षी ने कहा कि वह जयपुर में किराए के कमरे में रहकर तैयारी करती है और पिछले एक साल से पढ़ाई कर रही थी। सरकार की लापरवाही की वजह से परीक्षा रद्द हो गई। साक्षी ने कहा कि अब पढ़ाई से मन हटने लगा है। वह सरकार के प्रति काफी नाराज नजर आई। धौलपुर की छात्रा सुनैना तोमर ने बताया कि नीट की तैयारी में हर महीने 10 हजार रुपए से ज्यादा खर्च होता है।

---

गुवाहाटी में शपथ ग्रहण समारोह....सरमा ने सीएम पद की ली शपथ

असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की

# सहयोगी पार्टियां बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट व एजीपी भी मंत्रिमंडल में शामिल की

हिमंता ने 2016 से झंडा बुलंद किया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में नए मंत्रिमंडल का शपथग्रहण मंगलवार को हुआ। भाजपा नेता हिमंत बिस्व सरमा ने लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ 4 और नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। अन्य जिन नेताओं ने शपथग्रहण में हिस्सा लिया, उनमें भाजपा की सहयोगी पार्टी- बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) के नेता भी शामिल रहे।

इसके अलावा हिमंत कैबिनेट में एक छह बार की महिला विधायक को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। यह पहली बार नहीं है जब हिमंत ने असम में भाजपा का झंडा बुलंद करने की जिम्मेदारी संभाली और उसे अंजाम तक पहुंचाया। वह ये काम 2016 से ही करते आ रहे हैं। पर, उन्हें मुख्यमंत्री बनने का पहला मौका 2021 में मिला था।



सीएम की शपथ लेते सरमा

### 2021 में जीत के साथ मिला सीएम पद

2021 के विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने स्टार प्रचारक के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। सरमा ने अपनी पारंपरिक जालुकबारी सीट से 1 लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। लगातार दूसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद पार्टी ने सर्वानंद सोनोवाल की जगह उन्हें कमान सौंपी और 10 मई 2021 को वे असम के 15वें मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था जब भाजपा ने किसी अन्य पार्टी से आए नेता को मुख्यमंत्री का पद सौंपा था। भाजपा के लिए सरमा की अहमियत कितनी ज्यादा है, इसका अंदाजा सिर्फ इसी बात से लगा सकते हैं कि उनकी भूमिका असम तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली आलाकमान और अमित शाह के सबसे भरोसेमंद बनकर उभरे हैं। वे पार्टी के लिए अलग-अलग राज्यों में प्रचार तंत्र से लेकर चुनावी तैयारियों तक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

### अतुल बोरा सबसे अमीर मंत्री

अतुल बोरा असम के एक प्रमुख नेता और असम गण परिषद (एजीपी) के अध्यक्ष हैं। उनका जन्म 7 अप्रैल 1960 को असम के गोलाघाट जिले के बोराही गांव में हुआ था। उन्होंने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एमए (परास्नातक) और कानून की डिग्री (एलएलबी) हासिल की है।छात्र जीवन में उन्होंने असम आंदोलन में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था। वे ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) के आयोजन सचिव, महासचिव और बाद में अध्यक्ष भी रहे।

#### विधायक का सफर



वे पहली बार 1996 में गोलाघाट से विधायक चुने गए । 2016 से लगातार बोकाखाट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने सर्बानंद सोनोवाल और सरमा दोनों के मंत्रिमंडलों में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया है।

#### संपत्ति और आपराधिक मामले

*उनके चुनावी हलफनामे के अनुसार उनकी कुल घोषित संपत्ति लगभग 6.87 करोड़ है। लगभग 19.88 लाख की देनदारी है। उन पर एक आपराधिक मामला दर्ज है, जो लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात (आईपीसी की धारा 409) से संबंधित है और जिस पर अभी आरोप तय नहीं हुए हैं।*

### अजंता न्योग सबसे पढ़ी-लिखी

अजंता न्योग असम भाजपा का प्रमुख महिला चेहरा हैं। वे राज्य की सबसे लंबे समय तक विधायक रहने वाली महिला और असम की पहली महिला वित्त मंत्री होने का गौरव रखती हैं। उनका जन्म 1964 में गुवाहाटी में हुआ था। अजंता की मां रेवती भी विधायक रहीं। अजंता का विवाह नेता और पूर्व मंत्री कर्मश्री नगेन न्योग से हुआ था। 1996 में उल्फा उग्रवादियों ने उनके पति की हत्या कर दी थी। वे एक उच्च-शिक्षित नेता हैं। उन्होंने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से एमए, एलएलबी और 2001 में एलएलएम की डिग्री हासिल की हउन्होंने कुछ वर्षों तक गुवाहाटी उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस भी की।

**राजनीतिक करियर:** पति की मृत्यु के बाद उन्होंने कांग्रेस से अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। 2020 में वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गईं। वे गोलाघाट से लगातार अजेय रही हैं। 2001 में पहली बार विधायक बनने के बाद, वे 2006, 2011, 2016, 2021 में विजयी रहीं और यह उनका लगातार छठा कार्यकाल है।

### रामेश्वर तेली

रामेश्वर तेली असम में भाजपा के प्रमुख नेता हैं। वे विशेष रूप से असम के चाय बागान समुदाय के एक कद्दावर नेता माने जाते हैं। उनका जन्म 14 अगस्त 1970 को असम के दुलियाजान में हुआ था। उनके पिता का नाम बुधू तेली और माता का नाम दुलका तेली है। उनके पिता एक ड्राइवर थे और तेली का बचपन काफी संघर्षपूर्ण रहा। किशोरावस्था में वे स्नैक्स के लिए ब्रेड खरीदने हेतु रतालू और फर्न बेचा करते थे। उन्होंने 1989 तक 10वीं कक्षा की शिक्षा प्राप्त कर ली। वे पहली बार 2001 में दुलियाजान से विधायक चुने गए।

**राजनीतिक करियर:** 2014 से 2024 तक उन्होंने लोकसभा में डिब्रूगढ़ क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और बाद में अगस्त 2024 में राज्यसभा के सांसद भी बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। अब उन्होंने सरमा के मंत्रिमंडल में मंत्री पद की शपथ ली है।

**वित्तीय और कानूनी जानकारी:** 2026 के हलफनामे के मुताबिक, उनकी कुल घोषित संपत्ति लगभग 3.17 करोड़ रुपए है। उनका कानूनी रिकॉर्ड बिल्कुल साफ है और उन पर कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

### चरण बोरो

चरण बोरो असम के राजनीतिक दल बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट पार्टी के कद्दावर नेता हैं। वे मजबत निर्वाचन क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं। उन्होंने पिछली सरकार के मंत्रिमंडल में परिवहन मंत्री के रूप में कार्य किया था। 46 वर्षीय चरण के एक उच्च-शिक्षित नेता हैं। उन्होंने 2003 में गुवाहाटी विश्वविद्यालय से गणित में मास्टर डिग्री हासिल की है।

**वित्तीय और कानूनी स्थिति**
उनके चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास लगभग 6.18 करोड़ की कुल घोषित संपत्ति है। इसके उलट, उनके ऊपर लगभग 4.37 करोड़ की देनदारी भी है। आपराधिक मामले में उनका रिकॉर्ड बिल्कुल साफ है और उनके खिलाफ कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

---

पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने बताया

अफवाहों को किया खारिज

# न तेल की किल्लत, न लॉकडाउन देशभर में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत के आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने देश में ईंधन की कमी और संभावित लॉकडाउन को लेकर चल रही तमाम अटकलों और अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है।सीआईआई समिट में पुरी ने स्पष्ट किया कि भले ही पिछला कुछ समय चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन भारत ने इस संकट को अवसर में बदल दिया है।उन्होंने देश के ऊर्जा भंडार और तेल की कीमतों को लेकर स्थिति साफ की है। पुरी ने कहा कि हमें ऐसी अफवाहों को खत्म करने की जरूरत है। कोई लॉकडाउन नहीं लगने जा रहा है। ये सब सिर्फ 'मिथक' हैं और इनकी सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है।

### कंपनियों को 1.98 लाख करोड़ का घाटा

आम आदमी की जेब का ख्याल रखते हुए सरकार ने पिछले 4 साल से पेट्रोल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। पुरी ने कहा कि लोग चुनाव के बाद दाम बढ़ने की बातें करते थे, लेकिन 2022 के बाद कई चुनाव हुए और कीमतें स्थिर रहीं। आज तेल कंपनियां हर दिन 1,000 करोड़ का नुकसान उठा रही हैं। कुल घाटा 1,98,000 करोड़ तक पहुंच गया है. यह देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रहा है, लेकिन हमने दुनिया के अन्य देशों की तरह इसका बोझ जनता पर नहीं डाला।

### देश में पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस उपलब्ध

- **कच्चा तेल** : 60 दिनों का पर्याप्त स्टॉक
- **एलएनजी** 60 दिनों का बैकअप
- **रसोई गैस:** 45 दिनों का स्टॉक
- **इंटरनेशनल एनर्जी:** 76 दिनों का भंडार

### एलपीजी की किल्लत नहीं, उत्पादन बढ़ाया गया

युद्ध से पहले भारत की 60 फीसदी रसोई गैस 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' के रास्ते आती थी। युद्ध के कारण सप्लाई बाधित न हो, इसके लिए भारत ने अपनी घरेलू उत्पादन क्षमता को 36,000 एमटी से बढ़ाकर 54,000 एटी कर दिया है। पुरी ने साफ कहा कि देश में कहीं भी गैस या तेल की कोई कमी नहीं है।


**जीवनशैली में बदलाव का संदेश:** मंत्री ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने जनता को आगाह किया है कि युद्ध का असर भारत पर पड़ रहा है यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो हमें अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव सोचने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा रिफाइनर और पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है। पुरी के बयान ने उन अफवाहों पर विराम लगा दिया है।

---

## खबर संक्षेप

### हत्या मामले में पूर्व विधायक मिश्रा दोषी करार

**प्रयागराज।** विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट के जज योगेश कुमार तृतीय ने हत्या मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत 4 लोगों को दोषी ठहराया है। मिश्रा भदोही जिले के विधायक थे और जेल में बंद हैं। यह हत्याकांड साल 1980 का है, जब प्रयागराज कचहरी परिसर के भीतर ही दिनदहाड़े हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। मिश्रा 3 बार सपा और एक बार निषाद पार्टी से विधायक रह चुके।



### जस्टिस मंथा आरजी कर सुनवाई से बाहर हो गईं

**कोलकाता।** चर्चित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस राजशेखर मंथा की बेंच ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट में मामलों की संख्या अधिक है और इस संवेदनशील केस को पर्याप्त समय देने वाली बेंच के सामने सुनवाई होना न्यायहित में होगा।



---

सीआईआई के कार्यक्रम में बोले मांडविया

# केंद्र सरकार गरीबों की समर्थक और श्रम व उद्योगों की हितैषी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने मौजूदा सरकार को गरीब समर्थक और उद्योगों का हितैषी बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में चार नई श्रम संहिताएं पूरी तरह से अमल में आ गई हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक बिजनेस समिट 2026 के दौरान केंद्रीय श्रम मंत्री ने कहा कि श्रम और उद्योगों को एक दूसरे के पूरक होना चाहिए और प्रभावी समन्वय के लिए बदलाव के अनुकूल व्यवहार करना चाहिए। मांडविया ने बताया कि चार नई श्रम संहिताओं में 29 श्रम कानूनों को एक आसान ढांचे में लाया गया है। सरकार 5 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस महीने की शुरुआत में नए नियम जारी कर चार नई श्रम संहिताओं को पूरी तरह अमल में ले आई है। ये चार श्रम संहिताएं हैं-वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता 2020।




सीईए डॉ. नागेश्वरन ने कहा

# देश के विकास को तेजी से बढ़ाने सूक्ष्म उद्यमों का विकास जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ. वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारत की भविष्य की ग्रोथ इस बात पर निर्भर करेगी कि सूक्ष्म उद्यमों को समावेशी रूप से अपनाने, अनुकूलन करने, विस्तार करने और प्रतिस्पर्धा करने में कितना सक्षम बनाया जाता है। सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में नागेश्वरन ने कहा कि कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में एमएसएमई टेक्नोलॉजी में पीछे नहीं, बल्कि इनोवेशन और टेक्नोलॉजी में काफी आगे है। उन्होंने कहा कि भारत के सूक्ष्म उद्यमों को भी इस दिशा में विकसित होना होगा और मजबूत ट्रेड स्किल हासिल करने होंगे। नागेश्वरन ने कहा कि उद्यमियों को अपनी स्किल में निवेश करना चाहिए और एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनके कर्मचारी चाहे वे अकाउंटिंग, एचआर या इन्वेंट्री जैसे सेवा क्षेत्रों में ही क्यों न हों फिर भी इन स्किल में निवेश करें।



ग्रामीण विकास राज्य मंत्री पासवान आज से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर

# पासवान समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा योजनाओं लाभार्थियों से संवाद करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान बुधवार और गुरुवार को छत्तीसगढ़ के 2 दिनी दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन वे प्रगति की समीक्षा करेंगे।

पासवान नवा रायपुर में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में राज्य में संचालित प्रमुख ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा का मुख्य फोकस योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण आजीविका एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाले कार्यक्रमों के परिणामों को बेहतर बनाने पर रहेगा। वे लाभार्थियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा सामुदायिक हितधारकों के साथ संवाद भी करेंगे, ताकि विभिन्न योजनाओं के जमीनी प्रभाव का प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया जा सके। यह संवाद ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में सामुदायिक भागीदारी तथा क्षेत्रीय स्तर पर क्रियान्वयन का अनुभव प्रदान करेगा। दूसरे दिन पासवान संचालित कार्यों की जमीनी प्रगति का निरीक्षण करने हेतु क्षेत्रीय भ्रमण करेंगे। वे विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों का अवलोकन भी करेंगे। इसके बाद स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं एवं अन्य लाभार्थियों से संवाद करेंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन एवं आजीविका संवर्धन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

---

पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत देशभर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

# सरकार भविष्योन्मुखी ईवी इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है: कुमारस्वामी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 12 मई 2026 को बेंगलुरु में पीएम 'ई-ड्राइव योजना के तहत देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाने' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि भारत सरकार देश में स्वच्छ परिवहन के लिए एक आधुनिक और विश्वसनीय ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि



पीएम ई-ड्राइव योजना शहरी और ग्रामीण भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (परिवहन) को किफायती, भरोसेमंद और व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बड़े पैमाने पर ईवी को अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत बनाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कर्नाटक के 1,243 ईवी चार्जर्स के प्रस्तावों को 123.26 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ स्वीकृति देने की घोषणा की। अब तक, विभिन्न राज्यों और सीपीएसई में 4,874 ईवी चार्जर्स की स्थापना के लिए कुल 503.86 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय वाले ईवी चार्जिंग प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। स्वीकृत प्रस्तावों में एचपीसीएल, आईओसीएल और बीपीसीएल जैसे बड़े सीपीएसई के साथ-साथ राजस्थान, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्य भी शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्रालय के अपर सचिव डॉ. हनीफ़ कुरैशी ने कहा कि पीएम ई-ड्राइव पहल पूरे भारत में एक निर्बाध और भविष्योन्मुखी ईवी चार्जिंग नेटवर्क की नींव रख रही है। भारी उद्योग मंत्रालय इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों, इलेक्ट्रिक-तिपहिया वाहनों, इलेक्ट्रिक-कारों, इलेक्ट्रिक-बसों और इलेक्ट्रिक-ट्रकों के लिए ईवी चार्जर्स को सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र, राज्यों, बीएचईएल, चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स और उद्योग के हितधारकों के बीच समन्वित प्रयास एक प्रभावी चार्जिंग इकोसिस्टम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जो देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विकास के अगले चरण को समर्थन देने में सक्षम होगा। पीएम ई-ड्राइव के अलावा, भारी उद्योग मंत्रालय इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रहा है। इनमें पीएलआई ऑटो (25,938 करोड़ रुपए), पीएलआई एसीसी (18,100 करोड़ रुपये), भुगतान सुरक्षा तंत्र (3,435 करोड़ रुपए ) और रेर अर्थ मैग्नेट योजना (7,280 करोड़ रुपए ) शामिल हैं। पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत, भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने और कई क्षेत्रों में ईवी इकोसिस्टम के विकास में मदद करने के लिए कुल 10,900 करोड़ रुपए के परिव्यय को मंजूरी दी है। यह योजना विभिन्न वाहन श्रेणियों और उनसे जुड़े पाट्र्स के लिए डिमांड इंसेंटिव और इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट देती है। इस योजना के तहत, लगभग 24.79 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों और लगभग 3.16 लाख इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स—जिनमें ई-रिक्शा, ई-कार्ट और एल5 श्रेणी के वाहन शामिल हैं को सहायता देने का प्रस्ताव है।

इसके अलावा, इस योजना में 14,028 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों को चलाने के लिए 4,391 करोड़ रुपये की सहायता देने की भी परिकल्पना की गई है। वाणिज्यिक और सार्वजनिक सेवा क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए ई-एम्बुलेंस और ई-ट्रकों के लिए भी खास सपोर्ट शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान जिंक का जस्ता तार संयंत्र के लिए करार

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में जस्ता तार बनाने वाली इकाई लगाने के लिए मंगलवार को ग्रुप निर्मल के साथ समझौता किया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस संबंध में भीलवाड़ा जिले में स्थित उसके जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में संयंत्र लगाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### शहरों में बेरोजगारी मामूली घटकर 6.6 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** शहरों में बेरोजगारी दर मार्च तिमाही में मामूली घटकर 6.6 प्रतिशत रही है। इससे पिछली तिमाही अक्टूबर-दिसंबर, 2025 में यह 6.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के निश्चित अवधि पर होने वाले श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुल 5,61,822 व्यक्तियों को शामिल किया गया था। मार्च तिमाही का अद्यतन आंकड़ा इस श्रृंखला का चौथा आंकड़ा है।

### इंडियन होटल्स का लाभ बढ़कर 645 करोड़ रुपये

**मुंबई/ नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 14.71 प्रतिशत बढ़कर 645.43 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही के इस नतीजे की सूचना शेयर बाजार को दी। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 562.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 2,765.29 करोड़ रुपये हो गई। जो एक साल पहले की समान तिमाही में 2,425.14 करोड़ रुपये थी। हालांकि, इस दौरान इसका कुल खर्च भी बढ़कर 2,014.91 करोड़ रुपये हो गया जो साल भर पहले 1,764.26 करोड़ रुपये था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# भारत को विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करनी चाहिए: उदय कोटक

## सीआईआई के एक कार्यक्रम में बोले वित्त क्षेत्र के दिग्गज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त क्षेत्र के दिग्गज उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि भारत को विदेशी पूंजी पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और वास्तविक आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए दीर्घकालिक घरेलू जोखिम पूंजी का मजबूत आधार विकसित करना चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कोटक ने कहा कि वास्तव में आत्मनिर्भर देश वही होता है जो ''किसी और के पैसे या ताकत पर निर्भर न हो।'' उन्होंने कहा, '' सच्चा आत्मनिर्भर देश वही है जिसे किसी और के धन या शक्ति पर निर्भर रहने की जरूरत न हो। कोटक ने कहा, '' मैं कंपनियों से आग्रह करता हूं कि वे अल्पकालिक शेयर कीमतों पर अत्यधिक ध्यान न दें बल्कि तीन से पांच साल का लक्ष्य लेकर चलें।'' उन्होंने साथ ही आगाह किया कि यदि तेल कीमतों में तेज वृद्धि होती है या विदेशी पूंजी प्रवाह उलट जाता है तो कमजोरियां सामने आ सकती हैं। कोटक ने देश के निजी इक्विटी, वेंचर कैपिटल और वैकल्पिक परिसंपत्ति ढांचे को मजबूत करने की भी वकालत की और कहा कि ये संस्थान उद्यमिता और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी हैं। उन्होंने पेंशन फंड और बीमा कंपनियों को नियामकीय सुरक्षा के साथ धीरे-धीरे निजी बाजारों में अधिक निवेश की अनुमति देने की भी वकालत की।

### विदेशी यात्राएं सीमित करे

पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से विदेशी यात्राएं सीमित करने और जहां संभव हो, 'वर्क फ्रॉम होम' करने की अपील की है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक कोटक ने कहा कि वैश्विक माहौल तेजी से खंडित हो रहा है।




### घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी

देश अपने-अपने रणनीतिक हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए अपनी घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां तिमाही नतीजों, शेयर कीमतों आदि पर अत्यधिक ध्यान दे रही हैं। बजाय इसके उन्हें तीन से पांच साल के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### आयोग के सदस्य गौबा ने कहा, सरकार सुधार जारी रखेगी

# उद्योग को आरएंडडी पर खर्च बढ़ाना होगा संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी: नीति आयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने मंगलवार को कहा कि सरकार सुधार जारी रखेगी और भरोसा-आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी। हालांकि, उद्योग को अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर निवेश बढ़ाना होगा और संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी ताकि भारत वैश्विक उत्पादन एवं नवाचार का आकर्षक केंद्र बन सके। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में गौबा ने कहा कि सरकार सुधार एजेंडा को जारी रखेगी लेकिन उद्योग को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना होगा जिसमें अनुसंधान एवं विकास में निवेश ''पहला'' मुद्दा है।

- सरकार भरोसा आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी



### मुक्त व्यापार निर्यातकों के लिए बड़े बाजार खोलेंगे

भारत सरकार ने ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते किए हैं और कई अन्य प्रक्रिया में हैं। ये भारतीय निर्यातकों के लिए नए बड़े बाजार खोलेंगे लेकिन मुक्त व्यापार का सिद्धांत पारस्परिकता की मांग करता है।

### कौशल विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं

गौबा ने इस बात पर जोर दिया कि उद्योग मानव संसाधन के कौशल विकास पर ध्यान दे क्योंकि सरकार अकेले यह नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, '' सरकार ने 'स्किल इंडिया मिशन' के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किए हैं। मेरा मानना है कि कौशल विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकता।

### आरएंडडी पर कुल व्यय बहुत कम

गौबा ने कहा, '' जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत का अनुसंधान एवं विकास पर कुल व्यय कम है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 0.7 प्रतिशत पर अटका हुआ है जो वैश्विक औसत 2.3 प्रतिशत से काफी नीचे है। यह दक्षिण कोरिया तथा इजराइल जैसे देशों से बहुत कम है। इस 0.7 प्रतिशत में से 60 प्रतिशत सरकार द्वारा वित्तपोषित है।''

### आरएंडटी में निवेश लागत नहीं, रणनीतिक बढ़त

गौबा ने कहा, '' मेरा मानना है कि भारतीय उद्योग को अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करना चाहिए एवं प्रौद्योगिकी आयात करने से उसे विकसित करने की ओर बढ़ना चाहिए। आरएंडडी में निवेश लागत नहीं है, यह रणनीतिक बढ़त है।''

### उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती स्वीकार करे

सदस्य ने भारतीय उद्योग से यह भी आग्रह किया कि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करे, खासकर तब जब देश अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहा है। नीति आयोग के सदस्य ने कहा, भारतीय उद्योग को संरक्षणवाद की अपनी प्रवृत्ति छोड़नी होगी।

# भारत खाद्य तेल के आयात का बढ़ता बोझ नहीं उठा सकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्यतेल निकाय एसईए ने लोगों से खाद्यतेल का कम इस्तेमाल करने की प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आयात पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए खाद्यतेल की खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने, प्राकृतिक खेती और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। ''द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया'' (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल की खपत को नियंत्रित करने को लेकर प्रधानमंत्री की अपील का आर्थिक और रणनीतिक महत्व कहीं अधिक गहरा है। एसईए के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा,'जलवायु अनिश्चितताओं में वृद्धि, बायोडीजल अनिवार्यताओं के कारण वैश्विक वनस्पति तेल आपूर्ति में सख्ती और भू-राजनीतिक तनाव से बढ़ते जोखिमों के बीच देश के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने का यह सही समय है। घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाने के साथ संतुलित खपत की आदतें भी निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।' भारत खाद्यतेल की अपनी घरेलू जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है।

- उद्योग निकाय एसईए ने पीएम की अपील का किया स्वागत



### खाद्य तेल की कीमतें अस्थिर बनी हुई

ये कारक विदेशों से होने वाली आपूर्ति पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए खाद्यतेल की कीमतों और आयात की लागत को प्रभावित करते हैं। मेहता ने कहा, 'ऐसे समय में जब अल नीनो जैसे वैश्विक मौसम जोखिम कृषि उत्पादन के लिए खतरा बने हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्यतेल की कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं, भारत आयात पर बढ़ती निर्भरता का बोझ नहीं उठा सकता है।'

### एनआईआईटी एमटीएस का लाभ 58 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट प्रशिक्षण समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी एनआईआईटी एमटीएस ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 58.3 प्रतिशत बढ़कर 77.11 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी ने 48.71 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 22.2 प्रतिशत बढ़कर 525.21 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 429.71 करोड़ रुपये था।

# तेल की चिंता में बाजार में गिरावट जारी; सेंसेक्स 1,456 अंक लुढ़का, निफ्टी 23,500 अंक से नीचे

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,456 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता से बाजार धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। चौतरफा बिकवाली के बीच, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक यानी 1.92 प्रतिशत टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, यह 1,565.78 अंक लुढ़क कर 74,449.50 अंक पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 3,412 में गिरावट रही जबकि 869 शेयर लाभ में रहे। वहीं 129 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत का गोता लगाकर 23,379.55 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और एफआईआई की पूंजी निकासी के कारण रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर आने से घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहे।'' उन्होंने कहा कि आईटी और रियल एस्टेट शेयरों में गिरावट व्यापक रही। आईटी शेयरों का प्रदर्शन खराब रहा क्योंकि एआई (कृत्रिम मेधा) संचालित मूल्य दबाव को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

# फ्रैक्टल एनालिटिक्स का लाभ दोगुना होकर 116 करोड़ रुपये

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल एनालिटिक्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 116 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 55.5 करोड़ रुपये था। फ्रैक्टल एनालिटिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (समूह) श्रीकांत वेलामकन्नी ने कहा, 'इस वृद्धि का नेतृत्व स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान खंड ने किया, जिसमें चौथी तिमाही में 82 प्रतिशत और समूचे वर्ष में 66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसके बाद बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा खंड में पूरे वर्ष में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'




## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

# पतंजलि अनुसन्धान संस्थान और सदर्न क्रॉस यूनिवर्सिटी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**हरिद्वार।** वैश्विक स्तर पर शिक्षा, अनुसंधान और विशेष रूप से समग्र स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पतंजलि अनुसंधान संस्थान और ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित सदर्न क्रॉस यूनिवर्सिटी के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन कल नई दिल्ली स्थित ऑस्ट्रेलिया उच्चायोग में संपन्न हुई वार्ता के ही आगे की कार्यवाई के अंतर्गत किया गया है। यह साझेदारी दोनों संस्थानों के बीच दीर्घकालिक साक्ष्य-आधारित सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक निर्णायक पहल है, जो पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय को वैश्विक मंच पर स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के समन्वय में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, और सदर्न क्रॉस यूनिवर्सिटी, जो ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में स्थित एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान है, इस साझेदारी के माध्यम से शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह सहयोग न केवल दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता को एक मंच पर लाएगा, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए भी एक सशक्त आधार तैयार करेगा।



### गेहूं का उत्पादन पिछले साल से अधिक रहेगा

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण हुए स्थानीय नुकसान के बावजूद चालू फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) में देश का गेहूं उत्पादन, पिछले साल के 11 करोड़ 79.4 लाख टन को स्तर को लांघ जाने की संभावना है। चौहान ने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से कहा, 'हमारा मानना है कि गेहूं का उत्पादन पिछले साल से बेहतर होगा।'

**उत्तर रेलवे**


**निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | उत्तरी रेलवे के दिल्ली डिवीजन के 11 एबीएसएस स्टेशनों पर कोच मार्गदर्शन डिस्प्ले बोर्ड और ट्रेन सूचना डिस्प्ले बोर्ड की व्यवस्था करना और शेष कार्य एनएनओ, एसएसबी, एनयूआर, बीवीएच में कोच मार्गदर्शन प्रणाली की व्यवस्था करना और आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्लेटफॉर्म पर यात्री सुविधाएं (दूरसंचार) प्रदान करना तथा एनडीएलएस स्टेशन के पुनर्विकास के कारण जिन स्टेशनों पर ट्रेन संचालन सुविधा शुरू की जानी है, वहां आईपीआईएस ऑटो अनाउंसमेंट, टीआईडीबी आदि की व्यवस्था करना। | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹8,24,87,064.75/- मात्र | धरोहर राशि | ₹16,49,800.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 03.06.2026 15:00 बजे तक | | |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 | | |

निविदा संख्या: 558 सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-1038 दिनांक: 12.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1583/2026

## शब्द पहेली - 6224



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली- 6223 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल 6234

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6233 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |



# शबनीम इस्माइल ने की संन्यास से वापसी

## महिला टी20 विश्व कप

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। लौरा वोल्वार्ड्ट की कप्तानी में घोषित टीम में 37 साल की शबनीम इस्माइल को जगह मिलना चौंकाने वाला है। शबनीम को विश्व कप की टीम में जगह देना क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका का एक चौंकाने वाला फैसला है।

दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में संन्यास ले चुकीं 37 साल की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को टी20 विश्व कप 2026 की टीम में जगह दी है। इसके लिए शबनीम को संन्यास तुड़वाकर वापसी कराई गई है।



### विश्व कप 12 जून से

विश्व कप 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप 1 में शामिल है। इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड, और पाकिस्तान शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका 13 जून को मैनचेस्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

### दुनिया की बड़ी लीग में लगातार सक्रिय शबनीम

शबनीम इस्माइल को दक्षिण अफ्रीका टीम में जगह देने की कई वजहें हैं। पहला, इस्माइल बेशक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रही हैं, लेकिन दुनिया की बड़ी लीग में लगातार सक्रिय हैं। वह संन्यास के बाद से महिला बिग बैश लीग, महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग और महिला द हंड्रेड में 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं। इस वजह से उनके पास फॉर्म और फिटनेस दोनों है। दूसरा, वह दक्षिण अफ्रीका की सफल और बेहतरीन तेज गेंदबाज रह चुकी हैं। उन्होंने 113 मैचों में 123 विकेट लिए हैं। विश्व कप इंग्लैंड में होने वाला है। वहां शबनीम की गति और अनुभव टीम के काम आ सकता है। इसी वजह से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें संन्यास से वापसी कराते हुए टीम में जगह दी है।

# न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना

एजेंसी ▸▸| दुबई

■ इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में धीमी गति से ओवर फेंकने का मामला

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को खेला गया था। मैच के दौरान न्यूजीलैंड की तरफ से ओवर फेंकने की गति धीमी रही। इस वजह से टीम पर जुर्माना लगाया गया है। समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद अमेलिया केर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड एक ओवर पीछे रही थी। इस वजह से टीम पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की हेलेन पैक ने यह सजा सुनाई। आईसीसी ने कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। यह हर उस ओवर के लिए जो उनकी टीम निर्धारित समय में नहीं फेंक पाती है। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित समय पर एक ओवर पीछे रही थी, इसलिए 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। कप्तान केर ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा मान ली।



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 11 | 6 | 4 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 12 | 5 | 7 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
508 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

## आईपीएल: सुदर्शन-सुंदर के अर्धशतक, रबाडा और होल्डर को 3-3 विकेट

# सनराइजर्स को हराकर लगातार पांचवीं जीत के साथ गुजरात टाइटंस शीर्ष पर

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को मंगलवार को 82 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत के साथ आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। साइ सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों से गुजरात ने पांच विकेट पर 168 रन बनाये। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट हो गए। कैगिसो रबाडा ने शीर्ष क्रम की बखिया उधेड़ते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि जैसन होल्डर ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। इस जीत के साथ गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। गत चैम्पियन आरसीबी 11 मैचों में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। जीत के लिये 169 रन के लक्ष्य के जवाब में सनराइजर्स ने सात विकेट 60 रन पर गंवा दिये थे। रबाडा ने अपने चार ओवर में तीन विकेट चटकाते हुए सनराइजर्स को लगातार झटके दिये। वहीं मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर ही मैडन डालते हुए ट्रेविस हेड का अहम विकेट लिया जिन्होंने निशांत सिंधू को आसान कैच थमाया। सिराज ने तीन ओवर में सिर्फ 11 रन देकर एक विकेट लिया। अभिषेक शर्मा (छह) को भी रबाडा ने ही रवाना किया। चौथे ओवर में ईशान किशन (11) ने विकेट के पीछे कैच थमाया।

■ हैदराबाद को 82 रन से हराया

कैगिसो बने मैन आफ द मैच



### गुजरात-168/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साइ सुदर्शन का हिंगे बो हुसैन | 61 |
| शुभमन गिल का क्लासेन बो हिंगे | 5 |
| जोस बटलर का ईशान को हिंगे | 7 |
| निशांत का क्लासेन बो कमिंस | 22 |
| सुंदर का ईशान को साकिब | 50 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 11 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 4 |

अतिरिक्त : चार रन
योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 168 रन
विकेट पतन : 1-15, 2-26, 3-64, 4-124, 5-164
गेंदबाजी: कमिंस 4-0-20-1, रेड्डी 3-0-27-0, हिंगे 3-0-17-2, मलिंगा 4-0-46-0, हुसैन 4-0-37-2, शिवांग 2-0-19-0

### हैदराबाद-86/10 (14.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ट्रेविस हेड का सिंधू बो सिराज | 0 |
| अभिषेक शर्मा बो रबाडा | 6 |
| ईशान का बटलर बो रबाडा | 11 |
| रविचंद्रन का गिल बो रबाडा | 9 |
| क्लासेन का बटलर बो होल्डर | 14 |
| सलिल का बटलर बो कृष्णा | 16 |
| नीतिश रेड्डी का सुंदर बो होल्डर | 2 |
| पैट कमिंस का सिराज बो कृष्णा | 19 |
| शिवांग का बटलर बो होल्डर | 4 |
| प्रफुल्ल स्ट बटलर बो राशिद | 3 |
| एशान मलिंगा नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : दो रन
योग : 14.5 ओवर में 86 रन
विकेट पतन : 1-0, 2-6, 3-23, 4-32, 5-56, 6-56, 7-60, 8-72, 9-82
गेंदबाजी : सिराज 3-1-11-1, रबाडा 4-0-28-3, होल्डर 4-0-20-3, कृष्णा 3-0-23-2, राशिद 0.5-0-3-1

## नाइट राइडर्स के बॉलिंग ब्रिगेड से टकराएगी आरसीबी की बैटिंग आर्मी

■ आज शाम 7 .30 बजे से मुकाबला

**रायपुर।** प्लेऑफ की दहलीज पर खड़ी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम को अगर अंतिम चार में अपनी जगह लगभग सुनिश्चित करनी है तो उसके बल्लेबाजों को बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजों के सामने आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी फिलहाल 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, लेकिन मंगलवार को होने वाले मैच के बाद इस स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद या गुजरात टाइटन्स काबिज हो जाएंगे, जिनके पास भी 14 अंक हैं। आरसीबी ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके बल्लेबाज अपेक्षित खेल नहीं दिखा पाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई थी और उसने बमुश्किल जीत हासिल की थी। उसकी टीम आगे फिर से इस तरह की परिस्थिति से नहीं गुजरना चाहेगी।

### आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग

# चार्ली डीन और अमेलिया केर ने लगाई लंबी छलांग





एजेंसी ▸▸| दुबई

इंग्लैंड की चार्ली डीन और न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर को वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन का इनाम आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है। इंग्लैंड टीम की कप्तानी संभाल रहीं चार्ली डीन ने पहले वनडे में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने बल्लेबाजी में 46 गेंदों में 31 रनों की दमदार पारी खेली और वह टीम को जीत दिलाकर लौटीं। वहीं, गेंदबाजी में उन्होंने 7 ओवर के स्पेल में महज 21 रन खर्च करते हुए 2 विकेट चटकाए। गेंदबाजों की रैंकिंग में डीन अब छह पायदान की छलांग लगाकर 10वें नंबर पर आ गई हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स की लिस्ट में भी उनको एक पायदान का फायदा पहुंचा है और वह अब 11वें स्थान पर आ गई हैं।

### मैडी सातवें नंबर पर पहुंची

अमेलिया केर और उनकी टीम की साथी खिलाड़ी मैडी ग्रीन ने वनडे में बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। पहले वनडे में 88 रनों की पारी खेलने वालीं ग्रीन दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं, अर्धशतकीय पारी के बूते केर ने चार पायदान की छलांग लगाई है और वह अब 11वें नंबर पर आ गई हैं।

## खबर संक्षेप

### विरोध प्रदर्शन के कारण हुआ नुकसान : पूनिया

**गोंडा।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया का मानना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन से जो व्यवधान पैदा हुआ उससे भारत के कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिसमें वह खुद भी शामिल हैं। दीपक ने कहा कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती में अनिश्चितता के लंबे दौर ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर नहीं मिला, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। दीपक ने कहा, 'विरोध प्रदर्शन और

### सात्विक-चिराग की जोड़ी ने किया विजयी आगाज




**बैंकॉक।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले को 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 11-16 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर मुकाबले में वापसी की। इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर दिया, लेकिन सात्विक और चिराग ने दबाव में बेहतरीन खेल दिखाते हुए पहला गेम अपने नाम किया।

### लक्ष्य फाइनल में, चार मुक्केबाजों को कांस्य

**ताशकंद।** भारत के लिये एशियाई अंडर 17 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार का दिन चुनौतीपूर्ण रहा जब लक्ष्य फोगाट अकेले फाइनल में पहुंचे जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 75 किलोवर्ग में लक्ष्य ने कोरिया के सियुंगमिन ली को 5.0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में नरेंद्र नेल्ला (46 किलो ) को उजबेकिस्तान के अब्दुल्लाह नूरालीव ने 5.0 से हराया। यश यादव (50 किलो) को मंगोलिया के एस उसुखबातार ने 4.1 से मात दी जबकि निवेश पाल 54 किलोवर्ग में उजबेकिस्तान के अब्दुलबोसित युर्सुनबोएव से 5.0 से हार गए। नमन (70 किलो ) को उजबेकिस्तान के अब्दुवोहिद अब्दुमाजिदोव ने 3.2 से हराया।

### प्रीमियर लीग

# टॉटेनहम और यूनाइटेड के बीच मुकाबला रहा ड्रॉ



एजेंसी ▸▸| लंदन

फुटबॉल प्रीमियर लीग में टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इस ड्रॉ के साथ ही टॉटेनहम 38 अंकों के साथ 17वें नंबर पर आ गया है। वहीं, लीड्स यूनाइटेड 14वें स्थान पर है।

फ्रांसीसी फुटबॉलर मैथिस टेल पहले मुकाबले में हीरो बने, लेकिन उन्होंने अपनी गलती से टीम के लिए परेशानी भी खड़ी कर दी। टेल ने मैच के 50वें मिनट में पहला गोल दागा और टॉटेनहम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने अपने ही बॉक्स में गेंद को खतरनाक तरीके से क्लियर करने का प्रयास किया और इसी कोशिश में उनका पैर एथन अमपाडू को लग गया। वीएआर जांच के बाद लीड्स यूनाइटेड को पेनल्टी मिल गई, जिसका पूरा फायदा इंग्लिश फुटबॉलर कैल्वर्ट लेविन ने उठाया। लेविन ने मैच के 74वें मिनट में हाथ आए मौके को भुनाया और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

### गोलकीपर किंस्की ने टीम की हार को टाला

मैच के अंतिम पलों में गोलकीपर किंस्की ने सीन लॉन्गस्टाफ के जबरदस्त शॉट का बेहतरीन बचाव करते हुए टीम की हार को टाला। पहले हाफ के अंत में टॉटेनहम के पास बढ़त बनाने का चांस था। लीड्स के गोलकीपर कार्ल डार्लो ने गेंद को ज्यादा देर तक अपने पास रखा, जिसके कारण स्पर्स को फ्री-किक मिली। हालांकि, रिचर्डसन और पेड्रो पोरो इस मौके का भी फायदा उठाने में नाकाम रहे। इसके बाद जोआओ पल्हिन्हा गोल करने के काफी करीब पहुंचे, लेकिन उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से निकल गया।

# धीमी ओवर गति पर अक्षर पर गिरी गाज, लगा 12 लाख का जुर्माना



**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा।

आईपीएल के अनुसार, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम, धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें आगे कहा गया है, 'धीमी ओवर गति से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।' दिल्ली की टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है। उसका अगला मैच रविवार को नई दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा।

# टेस्ट सीरीज: बांग्लादेश से बुरी तरह हारा पाकिस्तान, नजमुल की शानदार बल्लेबाजी

एजेंसी ▸▸| ढाका

बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच को 104 रन से अपने नाम किया। दोनों पारियों में शानदार बल्लेबाजी के लिए बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

इस जीत के साथ मेजबान टीम ने दो मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का अगला मैच 16 मई से सिलहट में खेला जाएगा। बांग्लादेश के पास पहली पारी के आधार पर 27 रन की बढ़त थी। अगली पारी में मेजबान टीम ने 9 विकेट खोकर 240 रन बनाए और पाकिस्तान को जीत के लिए 268 रन का लक्ष्य दिया। बांग्लादेश की तरफ से इस पारी में कप्तान नजमुल ने सर्वाधिक 87 रन बनाए, जबकि मोमिनुल हक ने 56 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तानी टीम दूसरी पारी में महज 163 रन पर सिमट गई।



### पहली पारी में बांग्लादेश ने बनाए 413 रन

मुकाबले में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी बांग्लादेशी टीम पहली पारी में 413 रन पर सिमट गई। इस पारी में कप्तान नजमुल हुसैन ने 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ 101 रन की पारी खेली, जबकि मोमिनुल हक ने 91 रन टीम के खाते में जोड़े। मुशफिकुर रहीम ने 71 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से मोहम्मद अब्बास ने सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट निकाले। हसन अली और नोमान अली को 1-1 विकेट हाथ लगा।

## सिनर और एरीना का पुरस्कार राशि बढ़ाने के अभियान को पेगुला का समर्थन

# खिलाड़ियों के हक की लड़ाई में आगे आईं जेसिका

एजेंसी ▸▸| रोम

■ खिलाड़ियों को कर रहीं एकजुट

पुरुष एवं महिला वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और एरीना सबालेंका का टेनिस टूर्नामेंट विशेषकर ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि बढ़ाने के अभियान को जेसिका पेगुला का भी समर्थन मिला है, जो खिलाड़ियों को इस मामले में एकजुट करने की भूमिका निभा रही हैं। यूएस ओपन 2024 की उपविजेता पेगुला के लिए यह स्वाभाविक है, क्योंकि वह खेल प्रबंधकों के परिवार में पली-बढ़ी हैं। उनके माता-पिता एनएफएल की बफेलो बिल्स और एनएचएल की बफेलो सेब्रस के मालिक हैं।



### पुरस्कार राशि के मुद्दे पर कर रहीं काम

पेगुला ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह शायद स्वाभाविक रूप से हो जाता है क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने इसमें कुछ हद तक नेतृत्व की भूमिका निभाई है।' पेगुला को इस साल महिला टेनिस कैलेंडर, रैंकिंग अंकों के नियमों और कुछ स्पर्धाओं में भाग लेने की योग्यता तय करने के लिए गठित किए गए 13 सदस्यीय पैनल का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया था। अब वह पुरस्कार राशि के मुद्दे पर भी काम कर रही हैं।

### मुझे कोई झिझक नहीं

पेगुला ने कहा, 'मुझे किसी भी खिलाड़ी के पास जाकर यह पूछने में कोई झिझक नहीं है कि 'क्या आप इसमें दिलचस्पी रखते हैं या नहीं।' कुछ खिलाड़ियों को परवाह नहीं होती और वे इसको लेकर चिंतित नहीं होते। कभी-कभी वे कहते हैं, 'हां, मैं पूरी तरह से तैयार हूं।' मैं पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिलाड़ियों से संपर्क कर रही हूं।'

### खिलाड़ियों की मांग महत्वपूर्ण

पेगुला ने कहा, 'आखिर में खिलाड़ियों की मांग महत्वपूर्ण होती है। एरीना और यानिक को इस मामले में खुलकर बोलते हुए देखना अच्छा लगा। मैं जानती हूं कि कई अन्य खिलाड़ी भी ऐसा ही महसूस करते हैं। लेकिन जब विश्व के दोनों नंबर एक खिलाड़ी इस पर खुलकर बोलते हैं, तो उनकी बात सुननी ही पड़ती है।' एनएफएल और एनएचएल में खिलाड़ियों को राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत मिलता है वहीं अधिकतर टेनिस प्रतियोगिताओं में यह आंकड़ा इससे आगे से भी कम है। खिलाड़ियों ने पिछले सप्ताह जो बयान जारी किया था उसके अनुसार फ्रेंच ओपन में खिलाड़ियों को कथित तौर पर 14.9 प्रतिशत से भी कम हिस्सा दिया जा रहा है।




## खबर संक्षेप

### पाक में आत्मघाती हमला, 9 की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में मंगलवार को एक आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोटक लदे



वाहन में धमाका करने से दो सुरक्षा अधिकारियों समेत कम से कम 9 लोग मारे गए और 33 अन्य घायल हो गए। यह घटना अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मारवत जिले में हुई। जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक से लदे अपने तिपहिया ऑटो रिक्शा में नौरंग बाजार के फाटक चौक पर धमाका कर दिया। मरने वाले 9 लोगों में दो यातायात पुलिसकर्मी और एक महिला शामिल थीं, जबकि घटना में 33 अन्य लोग घायल हुए हैं। कई की स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है।

### थाईलैंड घूमने गए 5 भारतीयों में से 1 की मौत

**फुकेट।** थाईलैंड के फुकेट घूमने गए 4 भारतीय नागरिक एक कैफे में भोजन के दौरान अचानक



बेहोश हो गए। इस घटना में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य का अस्पताल में उपचार चल रहा है। यह घटना कथू जिले के कमला बीच इलाके में हुई। एक मशहूर कैफे में चार विदेशी पर्यटकों के बेहोश होने के बाद उन्हें मदद के लिए बुलाया गया। तीन को पटोंग अस्पताल और एक को थालांग अस्पताल ले जाया गया। वहीं, भारतीय दूतावास ने एक्स पर लिखा, दूतावास थाई अधिकारियों के संपर्क में है और घटना पर करीब नजर रख रहा है।

### यूएन में गणित में भारतीय सभ्यता के योगदान को दर्शाने वाली प्रदर्शनी में बोले जयशंकर

# आज के युग की बुनियाद बनने वाला 'कोड' भारत ने सदियों पहले खोजा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गणित में भारतीय सभ्यता के योगदान को दर्शाने वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक प्रगति की वैश्विक कहानी को लंबे समय तक एक संकीर्ण नजरिये से देखा गया है। अब इतिहास को लेकर गलत धारणाओं को सुधारने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से 'शून्य से अनंत-गणित में भारतीय सभ्यता का योगदान' के नाम से यह प्रदर्शनी आयोजित की गई है। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) ने इसे इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए जयशंकर ने कहा कि जब दुनिया संयुक्त राष्ट्र में साझा मानव विरासत की बात कर रही है, तब यह समझना जरूरी है कि आधुनिक इतिहास में वैज्ञानिक प्रगति की कहानी को बहुत लंबे समय तक सीमित समय और सीमित भौगोलिक नजरिये से देखा गया है। उन्होंने इसको ऐतिहासिक और अपनी तरह की पहली गणित प्रदर्शनी बताया, जिसे संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित किया गया है। जयशंकर ने कहा, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक बदलावों के साथ अब सांस्कृतिक संतुलन भी बदल रहा है। इसके लिए जरूरी है कि अलग-अलग सभ्यताओं की कहानियों और इतिहास को जगह मिले, ताकि अतीत को ज्यादा व्यापक तरीके से समझा जा सके।



संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रदर्शनी देखते विदेश मंत्री एस. जयशंकर

#### बौद्धिक जड़ें भारत की धरती में

जयशंकर ने कहा कि यहां मौजूद लोग केवल दीवार पर लिखे अंकों को नहीं देख रहे हैं, बल्कि उस सभ्यता को देख रहे हैं, जिसकी बौद्धिक जड़ें भारत की धरती में हैं। यह केवल अतीत की नहीं, बल्कि भविष्य की भी विरासत है। तकनीक के लोकतंत्रीकरण के साथ-साथ इतिहास का लोकतंत्रीकरण भी जरूरी है। जब तक अतीत की गलत धारणाओं को ठीक नहीं किया जाएगा, तब तक भविष्य की चुनौतियों को सही तरीके से नहीं समझा जा सकेगा। यह प्रदर्शनी दर्शकों को हजारों वर्षों की यात्रा पर ले जाती है, जहां वे देख सकते हैं कि भारतीय सभ्यता से निकली गणितीय खोजें किस तरह दुनिया में फैलीं और आज भी आधुनिक जीवन को प्रभावित कर रही हैं। जयशंकर ने कहा कि गणित के वैश्विक प्रसार की कहानी आपसी जुड़ाव की कहानी है। लेकिन हर विचार की शुरुआत कहीं न कहीं से होती है। आज के तकनीकी युग की बुनियाद बनने वाला कोड भारत में सदियों पहले ही सोचा जा चुका था।

#### भारत ने अपने ज्ञान को दुनिया के साथ साझा किया

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पी. ने कहा कि गणित सार्वभौमिक है और अलग-अलग सभ्यताओं के योगदान से समृद्ध हुई है। यह मानवता को जोड़ती है, बांटती नहीं है। भारत में गणित केवल सैद्धांतिक विषय नहीं रहा, बल्कि इसने कला, वास्तुकला, संगीत और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों को भी प्रभावित किया। यह आज भी एक जीवंत और विकसित होती परंपरा है। भारत ने हमेशा अपने ज्ञान को पूरी दुनिया के साथ साझा किया है। आज जिस 'ओपन सोर्स' की बात होती है, वह भारत में प्राचीन समय से ही एक विचारधारा रही है। यह प्रदर्शनी प्राचीन ज्ञान को आधुनिक समय से जोड़ती है। आज कंप्यूटर एल्गोरिदम, जीपीएस और एआई जिन सिद्धांतों पर काम करते हैं, उनकी जड़ें इतिहास में बहुत गहरी हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी लोगों को भारत की गणितीय विरासत को पूरी मानवता की साझा धरोहर के रूप में देखने का निमंत्रण देती है।

#### प्रदर्शनी में प्राचीन गणितीय विचार

यह विशेष प्रदर्शनी भारत से निकले उन प्राचीन गणितीय विचारों को दिखाती है, जो बाद में पूरी दुनिया में फैले। इनमें शून्य, दशमलव प्रणाली, बीजगणित, कलन विधि, ग्रहों के मॉडल, खगोलीय गणना, क्रमचय-संचय (कॉम्बिनेटरिक्स), द्विआधारी (बाइनरी) गणना और ज्यामिति जैसे विषय शामिल हैं। इसमें 'बौधायन-पाइथागोरस प्रमेय' को भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में महान भारतीय विद्वानों आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त और भास्कर से लेकर केरल का खगोल विज्ञान और गणित विद्यालय तक की परंपरा को भी सम्मान दिया गया है। जयशंकर ने कहा कि यह प्रदर्शनी याद दिलाती है कि गणित एक सार्वभौमिक भाषा है और इसका प्रसार पूरी दुनिया के हित में रहा है।

### द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी चर्चा

## मालदीव की विदेश मंत्री का तीन दिवसीय दौरा, प्रतिनिधिमंडल संग पहुंची भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मालदीव गणराज्य की विदेश मंत्री इरुथिशम एडम तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर मंगलवार शाम 5 बजकर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भारत पहुंची। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि एडम 12-14 मई तक भारत में होंगी। बुधवार शाम 4 बजे हैदराबाद हाउस में उनकी विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात होगी। इसके बाद इसी दिन यानी 13 मई को वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ वाणिज्य भवन में अहम बैठक होगी।



#### भारत के निमंत्रण पर आईं

*विदेश मंत्रालय ने बताया कि पदभार संभालने के बाद यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। उन्हें भारत आने का न्योता विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिया था। यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाना है। इरुथिशम जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी, जिससे मंत्रियों को द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और आपसी हितों के खास मुद्दों पर चर्चा करने का मौका मिलेगा। इरुथिशम के साथ विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ. इब्राहिम जुहुरी और सहायक निदेशक अमीनाथ गुरैशा भी आए।*

#### भारत का करीबी सहयोगी है मालदीव

*हाल ही में विदेश मंत्री बनीं इरुथिशम को लंबा राजनयिक अनुभव है। इससे पहले वो यूनाइटेड किंगडम में मालदीव की उच्चायुक्त रह चुकी हैं। मालदीव भारत को अपना सबसे करीबी सहयोगी मानता है। दोनों देश मजबूत सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक रिश्तों से जुड़े हैं। 2024 में शुरुआती तनाव के बाद मालदीव ने अपने रिश्तों को सहज बनाने की पूरी कोशिश की है। राष्ट्रपति मुइज्जू प्रशासन ने भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं।*

### पाकिस्तान का अमेरिका के साथ डबल गेम

## ईरानी विमानों को अपने एयरबेस में दी थी जगह, पहले माना, अब इनकार


एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अपने एयरबेस पर ईरानी सैन्य विमानों को खड़ा होने की अनुमति दी थी, ताकि उन्हें संभावित अमेरिकी हवाई हमलों से बचाया जा सके। पाकिस्तान ने इस खबर को भ्रामक और सनसनीखेज करार दिया है। इससे पहले पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान किसी सैन्य रणनीति या सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे। ये विमान युद्धविराम के दौरान आए थे और बातचीत प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों, सुरक्षा



उपग्रह तस्वीर में दिखे ईरानी विमान

टीमों और प्रशासनिक कर्मचारियों की आवाजाही के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। लेकिन इसी बयान ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस पर ईरान के सैन्य विमान मौजूद हैं। इनमें ईरानी वायुसेना का आरसी-130 विमान भी शामिल बताया गया है, जो खुफिया जानकारी जुटाने और निगरानी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह लॉकहीड टी-130 हरक्यूलिस विमान का विशेष सैन्य संस्करण माना जाता है।



### मच्छरदानी लगाने पर कश्मीरी छात्र की पिटाई

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के एसएस नार्थ हॉल में मच्छरदानी लगाने को लेकर कश्मीरी छात्र की पिटाई कर दी गई। पीड़ित छात्र ने बताया कि कमरे में साथ रहने वाला गाजीपुर के एक छात्र का कहना है कि जब वह मच्छरदानी लगाता है, तो उसके हिस्से का मच्छर उसे काटते हैं। इसके बाद दोनों में बहसबाजी और मारपीट हो गई। मामला प्रॉक्टर ऑफिस पहुंच गया। हॉल में छात्रों की नींद में मच्छर खलल डाल रहे हैं। मच्छरों से बचाव के लिए एक कश्मीरी छात्र मच्छरदानी लगाता था।

### होर्मुज में ईरान ने बढ़ाया नियंत्रण

## नौसेना ने 500 किमी का दायरा बढ़ाया कहा- ये पूरा सैन्य घेरा रणनीति का भाग

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि रणनीतिक रूप से बेहद अहम स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अब पहले से कहीं अधिक बड़ा हो गया है और इसे एक विशाल सैन्य और ऑपरेशनल क्षेत्र के रूप में पुनर्परिभाषित किया गया है। ईरान ने दावा किया है कि यह समुद्री मार्ग अब केवल एक संकीर्ण जलडमरूमध्य नहीं रहा, बल्कि यह लगभग 500 किमी तक फैला एक व्यापक क्षेत्र बन चुका है, जो ईरान की नई नौसैनिक रणनीति का भाग है। ईरानी नौसेना के राजनीतिक उप



होर्मुज जलडमरूमध्य

प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने बताया कि पहले स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को होर्मुज और हेन्गम जैसे छोटे द्वीपों के आसपास एक सीमित क्षेत्र के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब यह क्षेत्र जस्क और सिरिक से लेकर क़ेश्म द्वीप और ग्रेटर टुंब तक फैला हुआ एक विशाल सैन्य गलियारा बन चुका है।

### आर्थिक सहयोग मजबूत करने पर दोनों देशों ने जताई प्रतिबद्धता

## पीयूष गोयल ने भारत-चिली सीईपीए पर हुई प्रगति की समीक्षा की, निवेश बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को चिली के विदेश मंत्री फ्रांसिस्को पेरेज मैककेना और चिली प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के साथ नाश्ते पर चर्चा की। गोयल ने कहा कि भारत और चिली ने मिलकर कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (सीईपीए) पर प्रगति को लेकर बातचीत की। उन्होंने इस दौरान द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

#### लैटिन अमेरिका में प्रभाव बढ़ा रहा भारत



फ्रांसिस्को पेरेज मैककेना और पीयूष गोयल

भारत लैटिन अमेरिका में अपने व्यापारिक प्रभाव को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें चिली खनिज, ऊर्जा, कृषि और सेवा जैसे क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में उभर रहा है। प्रस्तावित सीईपीए से बाजार पहुंच में और सुधार होने, व्यापार बाधाओं में कमी आने और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सरकार ने भारत को वैश्विक विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के प्रयासों को भी तेज कर दिया है। पिछले सप्ताह, गोयल ने व्यापार और निवेश के नए अवसरों की खोज के लिए वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई बैठकें की थीं।

#### साझा विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध

गोयल ने कहा कि भारत चिली के साथ अपनी सौहार्दपूर्ण और दीर्घकालिक साझेदारी को महत्व देता है और हम साझा विकास और समृद्धि के लिए अपने आर्थिक सहयोग और जनता-से-जनता संपर्कों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों देश निर्यात को मजबूत करने, निवेश आकर्षित करने के लिए तैयार हैं।

### साइबर धोखाधड़ी की पहचान सक्रिय रूप से पहले ही हो सकेगी

## म्यूल खातों पर लगेगी रोक, आई4सी-आरबीआईएच के बीच एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत कार्यरत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) और रिज़र्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) ने साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ियों से निपटने और बैंकिंग तथा डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम में म्यूल खातों पर लगाम लगाने के लिए सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी हैं। इस एमओयू का उद्देश्य धोखाधड़ी-जोखिम खुफिया जानकारी साझा करने, विश्लेषणात्मक सहायता और परिचालन समन्वय के क्षेत्रों में सहयोग को सुविधाजनक बनाना है, ताकि धोखाधड़ी की पहचान सक्रिय रूप से पहले ही हो सके और ऐसी धोखाधड़ी की रोकथाम के तंत्र को मजबूत किया जा सके।

**साइबर अपराध के खिलाफ** नागरिकों को 'नेक्स्ट जेन शील्ड' मिलेगी

बैंकों में लागू म्यूलहंटरडॉट एआई को और अधिक मजबूत किया जाएगा



आई4सी और आरबीआईएच के अधिकारी एमओयू करते हुए

#### साइबर धोखाधड़ी को एआई की ताकत से रोकेंगे: शाह



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार साइबर सुरक्षित भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। म्यूल खाते साइबर अपराधों को रोकने में बड़ी बाधा हैं। साइबर धोखाधड़ी से लड़ने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ताकत को उजागर करते हुए आज गृह मंत्रालय के अधीन आई4सी ने आरबीआईएच के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।

#### खुफिया जानकारी संदिग्ध रजिस्ट्री से साझा करेंगे

*इस एमओयू के तहत, आई4सी और आरबीआईएच म्यूल खातों से संबंधित खुफिया जानकारी तथा संदिग्ध पहचानकर्ताओं को आई4सी की संदिग्ध रजिस्ट्री से साझा करने के लिए सहयोग करेंगे, ताकि बैंकों में लागू एआई-संचालित धोखाधड़ी पहचान प्रणालियों जैसे म्यूलहंटरडॉटएआई को और मजबूत किया जा सके। आरबीआईएच इन डेटासेट्स का उपयोग एआई-संचालित धोखाधड़ी-जोखिम मूल्यांकन मॉडलों के प्रशिक्षण और सुधार के लिए करेगा, जिसमें म्यूलहंटरडॉटएआई भी शामिल है।*

#### क्या होते हैं म्यूल खाते

*म्यूल खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिनका उपयोग साइबर अपराधी धोखाधड़ी से कमाए गए अवैध पैसे को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने या छिपाने के लिए करते हैं। ये खाते किसी और के नाम पर होते हैं, लेकिन उन्हें नियंत्रित कोई और (अपराधी) करता है, ताकि असली अपराधी पुलिस की पकड़ से बच सकें।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109